प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in




नेपाल-बैकफ़ायर कर गया बालेन शाह का विवादस्पद फ़ैसला! पेज- 2

पेज- 8 रेप के आरोपी के मददगार भाजपा नेता पर मुकदमा दर्ज

वर्ष : 15 अंक : 131 शनिवार 02 मई 2026 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

## मजदूर दिवस पर सीएम योगी की सख्त चेतावनी

### -काम का पूरा दाम देना होगा, नहीं तो कार्रवाई तय



(एजेंसी) लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमिकों के हितों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए फैक्ट्री मालिकों और ठेकेदारों को स्पष्ट चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अब श्रमिकों से काम लेकर भुगतान में टालमटोल या कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि श्रमिक ने काम किया है, तो उसे उसका पूरा दाम मिलना ही चाहिए, अन्यथा सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित श्रमवीर गौरव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले श्रमिकों का शोषण होता था, लेकिन अब सरकार उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हाल ही में नोएडा में हुए श्रमिक प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में औद्योगिक अशांति किसी भी कीमत पर नहीं होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में श्रमिकों के ठहरने के लिए डोरमेट्री और सस्ती कैंटीन की व्यवस्था की जाएगी, जहां उन्हें किफायती भोजन, स्नानघर, मनोरंजन और सुरक्षा जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सरकार ने श्रमिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री के अनुसार अब तक 12 लाख 26 हजार श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं, जबकि शेष 15 लाख 83 हजार निर्माण श्रमिकों को भी आज से यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे करीब 80 लाख लोगों को हर साल 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के माध्यम से 3 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है, जबकि 65 लाख लोगों को नया रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य की छवि से निकलकर देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के हर मंडल में अटल आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं, जहां श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। प्रत्येक विद्यालय में एक हजार विद्यार्थियों के पढ़ने की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में केंद्रीय, नवोदय और सैनिक विद्यालयों के स्तर के शिक्षक नियुक्त किए गए हैं, ताकि श्रमिकों के बच्चे भी भविष्य में उच्च पदों तक पहुंच सकें।

## पंडित रघुनाथ मुर्मू जयंती, राष्ट्रपति मुर्मू ने ओल चिकी लिपि के जनक को किया नमन, बताया संथाली गौरव का प्रतीक



(एजेंसी) नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज लेखक रघुनाथ मुर्मू की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अपनी दूरदर्शिता के जरिए उन्होंने संथाली भाषा को एक नई पहचान दी। संथाली भाषा के लिए ओल चिकी लिपि विकसित करने वाले रघुनाथ का जन्म 1905 में ओडिशा के मयूरभंज जिले के रायरंगपुर के पास डांडबोस गांव में हुआ था। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, संथाली भाषा की ओल चिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मु की जयंती पर मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। उन्होंने अपनी दूरदर्शिता और सृजनशीलता के द्वारा संथाली भाषा को नयी पहचान दी। रायरंगपुर क्षेत्र से ही संबंध रखने वालीं राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, ओल चिकी लिपि के माध्यम से संथाली भाषा में शिक्षा, साहित्य और अभिव्यक्ति को बढ़ावा मिला तथा संथाल समुदाय के समग्र विकास को गति मिली। उन्होंने कहा, उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर हम राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रतिबद्ध रहने तथा एकविकसित और समावेशी भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लें। संथाल समुदाय से संबंध रखने वाले मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने विधानसभा परिसर के पास स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, प्रख्यात संथाली लेखक, महान समाज सुधारक और ओल चिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू की जयंती पर मेरी ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि। सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने और संथाली भाषा को वैश्विक स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाने में उनका योगदान अतुलनीय है।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, हमें पानी की हर एक बूंद बचानी होगी



(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार शहर में पानी की कमी की समस्या को कम करने के लिए बोरवेल नीति लाने की योजना बना रही है। गुप्ता ने वर्षाजल संचयन कार्यक्रम के तहत दिल्ली जल बोर्ड द्वारा आयोजित कैच द रेन कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा, षदिल्ली सरकार बोरवेल नीति लाने पर गंभीरता से विचार कर रही है लेकिन केवल उन्हीं घरों और आवासीय कॉलोनियों को अधिकृत बोरवेल मिल सकेगा जिनमें सुचारू रूप से जल संचयन प्रणाली कार्यरत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा, भविष्य को देखते हुए हमें पानी के महत्व को समझना होगा, हर किसी को पानी बचाना होगा। मुख्यमंत्री ने डीजेबी की कैच द रेन पहल के लिए एक समर्पित श्शुभंकरश का भी अनावरण किया। उन्होंने एक्स पर कहा, वर्षा जल संचयन हमारी परंपरा की बुद्धिमत्ता है, जिसे आज की आवश्यकता बनाना होगा। सरकार द्वारा 50,000 रुपये तक की सब्सिडी, पानी के बिल में 10 से 15 प्रतिशत तक की छूट और निःशुल्क तकनीकी सहायता जैसे कदम इस दिशा को गति दे रहे हैं। अब लक्ष्य है कि हर घर, हर छत और हर संस्थान इस प्रयास का सक्रिय हिस्सा बने। गुप्ता ने लोगों से कैच द रेन जनांदोलन बनाने और पानी सहजने का आग्रह किया। जल मंत्री परवेश साहिब सिंह ने कहा कि यह पहल वर्षा जल संचयन प्रणालियों का हिस्सा है। सिंह ने कहा, सरकारी संस्थानों में वर्षा जल संचयन को गंभीरता और समयबद्ध तरीके से लागू किया जाना चाहिए।

## बुद्ध पूर्णिमा पर राहुल गांधी और खड़गे ने दी शुभकामनाएं, शांति और नैतिकता पर दिया जोर



(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन और उनके शांति के संदेश को याद किया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना संदेश साझा करते हुए कहा कि ष्आप सभी को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान बुद्ध का जीवन दर्शन और उनकी शिक्षाएं पूरी मानवता के लिए अहिंसा, करुणा, सत्य, सामाजिक सद्भाव और नैतिकता का पाठ हैं। उनके द्वारा दिखाया गया मार्ग हमें सदैव शांति और सद्भाव की राह पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी इस अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश शाश्वत और सार्वभौमिक है। उन्होंने कहा कि संघर्ष और अनिश्चितता के इस युग में बुद्ध का सत्य, अहिंसा और समानता का मार्ग मानवता का मार्गदर्शन करता है। उन्होंने कामना की कि समाज में बंधुत्व की भावना गहरी हो और सभी का जीवन सदाचार से प्रेरित हो। बुद्ध पूर्णिमा बौद्ध धर्म के सबसे पवित्र त्योहारों में से एक है। यह दिन भगवान बुद्ध के जीवन की तीन महत्वपूर्ण घटनाओं का संगम है। सिद्धार्थ गौतम का जन्म छठी शताब्दी ईसा पूर्व में लुम्बिनी (वर्तमान नेपाल) में हुआ था। बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान करते हुए सिद्धार्थ ने परम सत्य को जाना और बुद्ध कहलाए। 80 वर्ष की आयु में कुशीनगर में उन्होंने अपना पार्थिव शरीर त्यागा और अंतिम निर्वाण प्राप्त किया।

## सिद्धारमैया बने रहेंगे मुख्यमंत्री? मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान से कर्नाटक कांग्रेस में हलचल थमी



(एजेंसी) बेंगलुरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस बयान का स्वागत किया है, जिसमें उन्होंने राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की किसी भी संभावना से इनकार किया है। परमेश्वर ने शुक्रवार को कहा कि खड़गे के इस स्पष्टीकरण के बाद अब मुख्यमंत्री बदलने की तमाम अटकलों पर पूर्णविराम लग गया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए परमेश्वर ने जोर देकर कहा कि पार्टी के भीतर मल्लिकार्जुन खड़गे की बात ही सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि अलग–अलग लोग अलग बातें कह सकते हैं, लेकिन हमारी नजर में खड़गे ही सर्वोच्च सत्ता हैं। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष ही हाई कमान हैं। जब उनकी ओर से कोई बयान आता है, तो उसे बिना किसी अतिरिक्त व्याख्या के स्वीकार किया जाना चाहिए। खड़गे ने स्पष्ट कर दिया है कि कोई बदलाव नहीं होगा, इसका मतलब है कि यह अध्याय अब बंद हो चुका है। परमेश्वर ने आगे कहा कि खड़गे एक बेहद अनुभवी नेता हैं और उनके बयान से पहले निश्चित तौर पर राहुल गांधी, सोनिया गांधी, के.सी. वेणुगोपाल और रणदीप सुरजेवाला के बीच आम सहमति बनी होगी। राज्य की राजनीति के अलावा, जी. परमेश्वर ने अन्य राज्यों के चुनावी परिदृश्य और एग्जिट पोल्स पर भी अपनी राय साझा की। केरल में उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस केरल में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक से जो कार्यकर्ता वहां चुनाव प्रचार के लिए गए थे, उनका फीडबैक काफी सकारात्मक है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की संभावनाओं पर उन्होंने कहा कि वहां भाजपा और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर चिंताएं थीं, लेकिन पर्यवेक्षकों की मानें तो दीदी (ममता बनर्जी) की वापसी की प्रबल संभावना है। तमिलनाडु और असम में उन्होंने संकेत दिया कि तमिलनाडु में क्डझ की सरकार बन सकती है, जबकि असम में सर्वेक्षण भाजपा की वापसी की ओर इशारा कर रहे हैं।

## बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पीएम मोदी ने दीं शुभकामनाएं

### उनके आदर्शों के प्रति नवीकृत प्रतिबद्धता का किया आह्वान



(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और भगवान बुद्ध की शिक्षाओं की शाश्वत प्रासंगिकता एवं समाज में सद्भाव को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका पर बल दिया। मोदी ने एक्स पर एक संदेश में कहा, ष्बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान बुद्ध के आदर्शों को साकार करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता बहुत दृढ़ है। उनके विचार हमारे समाज में आनंद एवं एकता की भावना को मजबूत करें। उन्होंने अपने बयानों से इस बात पर प्रकाश डाला गया कि सरकार शांति, करुणा एवं एकता जैसे मूल्यों को बढ़ावा देने पर लगातार बल दे रही है जो बौद्ध दर्शन के केंद्र में हैं। बुद्ध पूर्णिमा को वैशाख पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है जो कि गौतम बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति एवं महापरिनिर्वाण का प्रतीक है और भारत और विश्व में उनके लाखों अनुयायियों द्वारा मनाया जाता है। भारत में इस दिन का विशेष महत्व है क्योंकि बुद्ध के जीवन से जुड़े कई स्थल, जिनमें बोधगया, सारनाथ और कुशीनगर शामिल हैं, तीर्थयात्रा एवं सांस्कृतिक विरासत के प्रमुख केंद्रों में शामिल हैं। प्रधानमंत्री का संदेश भारत के समृद्ध आध्यात्मिक परंपराओं को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने के व्यापक प्रयासों के अनुरूप है, विशेष रूप से उन पहलों के माध्यम से जो देश की बौद्ध विरासत को उसकी सांस्कृतिक कूटनीति के रूप में उजागर करती हैं। पीएम मोदी का खुशी एवं एकजुटता की भावना को गहरा करनेष का आह्वान ऐसे समय में आया है जब सार्वजनिक चर्चा में प्रायः सामाजिक सामंजस्य एवं सामूहिक जिम्मेदारी पर बल दिया जाता है और ये ऐसे विषय हैं जो बुद्ध की शिक्षाओं से गहराई से मेल खाते हैं। उनका संदेश राजनीतिक दृष्टिकोण से सभी नेताओं की शुभकामनाओं की श्रृंखला में शामिल है, जो त्योहार की सार्वभौमिक अपील तथा शांति एवं सद्भाव का संदेश देते हैं। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को याद करते हुए शुक्रवार को कहा कि बुद्ध पूर्णिमा लोगों को दयालु बनाने, सद्भाव बढ़ाने और सभी के कल्याण के लिए काम करने की प्रेरणा देती है। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन और उनकी दी गईं शिक्षाएं करुणा, अहिंसा तथा ज्ञान के मार्ग को प्रकाशित करती रहती हैं। राधाकृष्णन ने कहा कि शांति, सद्भाव और निस्वार्थ सेवा का उनका शाश्वत संदेश आज की दुनिया में भी अत्यंत प्रासंगिक बना हुआ है। उन्होंने लिखा, यह पवित्र दिन हमें दयालुता अपनाने, सद्भाव बढ़ाने और सभी के कल्याण के लिए काम करने की प्रेरणा दे।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सबकी खुशहाली की कामना की है। खरगे ने अपने संदेश में कहा बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सबको हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान बुद्ध का जीवन और शिक्षाएं शाश्वत, सर्वव्यापी और सार्वभौमिक ज्ञान का स्रोत हैं। सत्य, करुणा, अहिंसा, सजगता और समानता का उनका संदेश न केवल हमारी सभ्यता को आकार देता है, बल्कि संघर्ष और अनिश्चितता से भरे युग में भी मानवता का मार्गदर्शन करता है। उनका मार्ग हमें याद दिलाता है कि आंतरिक शांति एक न्यायपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण विश्व की नींव है। सद्भाव कायम रहे, भाईचारे के बंधन गहरे हों और हमारा जीवन सद्गुणों से प्रेरित हो। राहुल गांधी ने कहा आप सभी को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं।भगवान बुद्ध का जीवन दर्शन और उनके विचार सम्पूर्ण मानवता के लिए शिक्षा हैं। अहिंसा, करुणा, सत्य, सामाजिक समरसता और नैतिकता का उनका दिखाया मार्ग हमें हमेशा शांति और सद्भाव की ओर चलने की प्रेरणा देता रहेगा। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा भगवान बुद्ध की सबसे बड़ी सीख है कि घृणा को सिर्फ प्रेम से ही समाप्त किया जा सकता है, यह एक अटूट सत्य है। भगवान बुद्ध ने सत्य, अहिंसा, मानवता, दया और करुणा जैसे महान मूल्यों पर चलने की प्रेरणा दी एवं संसार को शांति, समरसता और समृद्धि का मार्ग दिखाया। सभी देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं।

## लद्दाख के लोगों की मांग पर चुप हैं शाह : कांग्रेस



(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने गृह मंत्री अमित शाह के लद्दाख दौरे को लेकर शुक्रवार को उन पर निशाना साधते हुए कहा कि वह पिपरहवा अवशेषों की महिमा में मग्न हैं, लेकिन वह लद्दाख के लोगों की राज्य के दर्जे, संविधान की छठी अनुसूची के तहत संरक्षण प्रदान करने तथा भूमि एवं रोजगार की सुरक्षा संबंधी मांगों पर चुप हैं। कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा जुलाई 1949 में किए लद्दाख दौरे का भी जिक्र किया। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, गृह मंत्री आज लद्दाख में पिपरहवा अवशेषों की महिमा में मग्न हैं लेकिन वह वहां के लोगों की राज्य के दर्जे, संविधान की छठी अनुसूची के तहत दर्जा तथा भूमि एवं रोजगार की सुरक्षा की मांगों पर चुप हैं। रमेश ने कहा कि शाह को लद्दाख में पहले हुए ऐसे आयोजनों की जानकारी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बुद्ध के दो प्रमुख शिष्यों अरहंत सारिपुत्र और अरहंत महा मौद्गल्यायन के पवित्र अवशेषों को ब्रिटिश 1851 में सांची स्तूप से ले गए थे और उन्हें लंदन के विक्टोरिया एंड अल्बर्ट म्यूजियम में रखा गया था तथा इन अवशेषों को 14 जनवरी, 1949 को नेहरू को वापस दिया गया था और उन्हें उसी दिन कोलकाता स्थित महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया को सौंप दिया था। रमेश ने कहा, कुछ महीने बाद जुलाई 1949 की शुरुआत में यानी बिहार सरकार द्वारा बोधगया मंदिर अधिनियम, 1949 पारित किए जाने के तुरंत बाद नेहरू ने लद्दाख का चार दिवसीय दौरा किया। इस दौरान पूज्य कुशक बकुला रिनपोछे ने नेहरू से अनुरोध किया था कि ये अवशेष लद्दाख भी भेजे जाएं। उन्होंने कहा कि एक साल बाद मई 1950 में यह संभव हुआ और इन अवशेषों को 79 दिन तक लद्दाख में अलग–अलग स्थानों पर ले जाया गया। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को भी लद्दाख के लोगों की मांगों पर सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा था कि उसे केंद्र से संविधान की छठी अनुसूची के तहत संरक्षण प्रदान करने और राज्य का दर्जा देने की मांग पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए लद्दाख में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गौतम बुद्ध के अवशेषों को लोगों के दर्शन के लिए रखे जाने के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए शाह बृहस्पतिवार को वहां पहुंचे थे।

# सम्पादकीय

## पप्पू यादव का बड़ा ऐलान!

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मतदान की प्रक्रिया पूरी होने पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहली बार सामने आकर प्रतिक्रिया दी। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि ममता बनर्जी ने वोटरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह घरों से निकलकर आपने वोट किया, दमन सहते हुए भी वोट डालने के लिए कतारों में डटे रहे, उसके लिए मैं आभारी हूं।



नफीस जाफरी

मैं उन पार्टी कार्यकर्ताओं का भी आभार व्यक्त करती हूं जिन्होंने केंद्रीय और स्थानीय बलों के अत्याचारों को सहते हुए ये संघर्ष किया है। ममता बनर्जी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हमारे खिलाफ भारत सरकार की पूरी मशीनरी झोंक दी गई। केंद्रीय बलों और पुलिस की नई तैनाती के जरिए डर का माहौल बनाया गया, मारपीट की गई। भाजपा नेताओं ने अपने धन–बल और हथियारों की ताकत के दम पर बंगाल की जनता को दबाने की कोशिश की, लेकिन मतपेटियों ने उन्हें खामोश कर दिया है। तो वहीं अब बात बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की तो मालूम हो कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होते ही देश का सियासी पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। हर तरफ बस एक ही चर्चा है दीदी की वापसी होगी या कमल खिलेगा? इसी बीच बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने एक ऐसा चौंकाने वाला बयान दिया है जिसने राजनीतिक गलियारों में खलबली मचा दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी बात रखते हुए पप्पू यादव ने सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी को चुनौती दी है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अगर बंगाल में भाजपा जीत जाती है तो हम सेवा, मदद और इंसाफ के लिए संघर्ष छोड़ देंगे। वैसे मुझे पूरा भरोसा है बंगाल भाजपा का पूरी तरह सफाया कर दिया है। पप्पू यादव ने न केवल चुनौती दी, बल्कि उन्होंने बंगाल की जनता के मिजाज पर भी अपना भरोसा जताया। उन्होंने एग्जिट पोल के उन अनुमानों को सिरे से खारिज कर दिया जिनमें भाजपा की बढ़त दिखाई जा रही है। यहां यह बताते चलें कि पश्चिम बंगाल में इस बार चुनावी मुकाबला बेहद कड़ा और दिलचस्प रहा है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार, मतदान की प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की गई। 29 अप्रैल को दूसरे और अंतिम चरण की वोटिंग समाप्त होने के बाद अब प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद है। अब देश भर की नजरें 4 मई पर टिकी हैं, जब वोटों की गिनती होगी और यह साफ हो जाएगा कि पप्पू यादव का संघर्ष जारी रहेगा या बंगाल की राजनीति एक नया मोड़ लेगी।

## राहतकारी हो आईसीयू

अक्सर ऐसी खबरें सामने आती रहती हैं कि देश के किसी भाग में किसी निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती मरीज के ठीक होने या ठीक होने की संभावना के बावजूद उसे डिस्चार्ज नहीं किया जाता है। वजह होती है कि अस्पताल का अनवरत गति से चलने वाला कमाई का मीटर। निस्संदेह, आधुनिक चिकित्सा खर्चीली हो गई और बेहतर सुविधाओं के लिए बड़ी रकम चुकानी होती है। लेकिन इस व्यवस्था का मानवीय व संवेदनशील होना अपरिहार्य है। इसके नियमन का कार्य यूं तो देश के नीति–नियंताओं और शासन–प्रशासन को करना चाहिए था। लेकिन विडंबना यह है कि अदालत को ऐसे मामलों में पहल करनी पड़ती है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक समान गहन चिकित्सा ईकाई दिशानिर्देशों की जरूरत बताना विसंगतियों से जूझती आईसीयू प्रणाली के लिए एक आशा की किरण लेकर आई है। इन दिशानिर्देशों में यह निर्दिष्ट किया गया है कि चिकित्सकीय रूप से स्थिर हो चुके या जिन मरीजों के अंगों को बाहरी सहायता अथवा शारीरिक निगरानी की आवश्यकता नहीं होती, उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जानी चाहिए। उन्हें अन्य सामान्य वार्डों में स्थानांतरित किया जा सकता है। निश्चित रूप से न्यायालय के ये निर्देश चिकित्सकीय और नैतिक दोनों ही हैं। जो बताते हैं कि जरूरी न होने के बावजूद मरीज को लंबे समय तक आईसीयू में रखना अनुचित है। यह एक हकीकत है कि मानकीकृत आईसीयू प्रोटोकॉल के अभाव में एक अस्पष्ट स्थिति पैदा हो जाती है, जिसकी वजह से मरीज से जुड़े निर्णय असमंजस का शिकार होकर रह जाते हैं। वास्तव में आईसीयू में भर्ती मरीजों के तिमारदारों को चिकित्सा प्रक्रिया की गहन जानकारी अक्सर नहीं होती है। वे केवल चिकित्सक के दिशा–निर्देशों पर ही निर्भर होकर रह जाते हैं। यही वजह है कि अस्पताल प्रबंधन के रहमो–करम पर मरीज को महंगे आईसीयू में लंबे समय तक भर्ती रहने को मजबूर होना पड़ता है। कई बार ऐसा भी होता है कि गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती रहने के बावजूद मरीज को उपचारीय लाभ नहीं मिल रहा होता है। सही मायनों में सुप्रीम कोर्ट के ये दिशानिर्देश एक सरल व सामान्य सिद्धांत की पुष्टि करते हुए इस विसंगति को दूर करने का प्रयास करते हैं कि किसी भी अस्पताल का आईसीयू मरीज की अनिश्चितकालीन देखभाल के लिए नहीं होता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि शीर्ष अदालत ने समस्या के यथाशीघ्र समाधान की जरूरत पर बल दिया है। अदालत ने डॉक्टरों की प्रतिष्ठा को संरक्षित करते हुए चिकित्सा संस्थानों व अस्पतालों की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल दिया है। इस दिशा में व्यवस्थागत मुद्दों पर जोर दिया गया है, जिसमें नर्स व मरीज के अनुपात, विशेषज्ञ पर्यवेक्षण, मानक बुनियादी ढांचा और प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित कराना एक सराहनीय पहल कही जाएगी। निश्चित रूप से भारत जैसे देश में जहां स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में भारी असमानता है, ये न्यूनतम मानदंड अधिक न्यायसंगत देखभाल के लिए आधार बन सकते हैं। सही मायनों में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने और समयबद्ध कार्य योजना तैयार करनी चाहिए। साथ ही निर्देश नीति के क्रियान्वयन हेतु तत्परता दिखानी चाहिए। लेकिन विगत के अनुभव बताते हैं कि एक अच्छे इरादे वाली कार्ययोजना तब अपने लक्ष्य पाने में विफल हो जाती हैं जब उसका क्रियान्वयन आधे–अधूरे ढंग से किया जाता रहा है। निश्चित रूप से निगरानी ढांचे और समन्वित राष्ट्रीय स्तर की कार्रवाई पर अदालत की पहल सही दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन इसकी अनुपालन की सफलता राजनीतिक इच्छाशक्ति, वित्त पोषण और प्रशासनिक क्षमता पर निर्भर करेगी। साथ ही दक्षता के अलावा, मानवीय पहलू को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। गहन चिकित्सा कक्ष में लंबे समय तक भर्ती रहना मरीजों और उनके परिवारों के लिए बेहद कष्टदायक होता है। स्थिर मरीजों को कम स्तर पर देखभाल की जरूरत वाले वार्डों में स्थानांतरित किए जाने से न केवल अनावश्यक चिकित्सा खर्च बचता है। बल्कि यह मानवीय दृष्टिकोण का भी परिचायक है। निश्चित रूप से आईसीयू के लिए एकसमान मानदंड लागू करने का प्रयास भारत की स्वास्थ्य प्रणाली में पारदर्शिता लाने और तर्कसंगत निर्णय लेने को बढ़ावा देने वाला साबित हो सकता है।

# नेपाल-बैकफ़ायर कर गया बालेन शाह का विवादस्पद फ़ैसला!



गुलफिशा खान

नेपाल में बनी प्रधानमंत्री बालेन शाह की नई सरकार कमाई बढ़ाने के लिए एक नया नियम लाई थी। सपना था खूब टैक्स कमाया जाएगा लेकिन यह फैसला बालेन शाह के लिए बैकफायर कर गया है। भारत की सीमा के पास रहने वाली नेपाली जनता और व्यापारी नाराज हो गए हैं और जिस कमाई को बढ़ाने का सपना था, वही कमाई घटकर आधी रह गई है। हम बात कर रहे हैं नेपाल के नए कस्टम नियम की। दरअसल नेपाल अब सीमा पार से आने वाले उन यात्रियों से कस्टम ड्यूटी (टैक्स) ले रहा है, जो भारत से 100 नेपाली रुपए (एनपीआर) से ज्यादा का सामान खरीदकर साथ ला रहे हैं। नाराज व्यापारी और आम लोग बागी हो गए हैं, अब वे कस्टम चेकप्वाइंट तक अपना सामान ही नहीं ले जा रहे हैं। नेपाली अखबार रातोपति की रिपोर्ट के अनुसार बीरगंज कस्टम और देश भर के अन्य सीमा कस्टम ऑफिस में जमा होने वाले राजस्व (टैक्स) पर असर पड़ा है क्योंकि व्यापारी अब कस्टम क्लियर कराने की प्रक्रिया में भाग ही नहीं ले रहे हैं। यानी जो व्यापारी पहले कस्टम क्लियर कराकर टैक्स देते भी थे, वे भी अब टैक्स नहीं दे रहे हैं। उन्होंने पिछले दो दिनों से इस प्रक्रिया का बहिष्कार किया है और दूसरे रास्ते से छिपाकर अपना सामान ला रहे हैं। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार भले बीरगंज नेपाल में




सबसे प्रमुख भूमि क्रॉसिंग पॉइंट (भारत आने जाने के लिए) है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों से होकर कई अन्य रास्ते भी हैं. अब लोग उसी का इस्तेमाल कर रहे हैं। हिमालयन टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार बीरगंज कस्टम के अनुसार, लोगों के बहिष्कार के कारण वहां का कामकाज लगभग ठप हो गया है। बीरगंज कस्टम प्वाइंट पर आम तौर पर प्रतिदिन 50–60 करोड़ नेपाली रुपये जमा होते थे। लेकिन अब यहां से सिर्फ आधिकारिक रूप से पेट्रोलियम उत्पाद, फल, सब्जी और औद्योगिक कच्चे माल गुजर रहे हैं और वे भी पहले से काफी कम। इस वजह से अब रोज केवल 31 करोड़ के आसपास का टैक्स जमा हो पा रहा है। बहरहाल, नेपाल सरकार भारतीय सामान पर टैक्स लगाने के फैसले पर पीछे हट गई है। नेपाल की नई बालेंद्र शाह सरकार के इस फैसले का काफी विरोध हो रहा था। इसी को देखते हुए सरकार ने अपने कदम पीछे खींचने का निर्णय लिया है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि नेपाल सरकार ने अपनी कमाई बढ़ाने के लिए नया नियम बनाया था। इसके तहत सीमापार से आने वाले उन लोगों से कस्टम ड्यूटी वसूली जा रही थी। जो अपने साथ 100 नेपाली रुपये से ज्यादा का सामान खरीदकर नेपाल ला रहे थे। इस नए नियम का सबसे ज्यादा असर उन लोगों पर पड़ रहा था। जो भारत से सामान ले जाते थे। सरकार के इस फैसले से व्यापारी नहीं, आम नेपाली नागरिक भी परेशान हैं और अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। सरकार ने खुद माना है कि इस नियम की वजह से कुछ सामान जैसे कच्चा माल, मशीनरी, उपकरण और जल्दी खराब होने वाले सामान जैसे कि फल, सब्जी वगैरा के मामले में दिक्कतें आ रही हैं। इन्हीं परेशानियों को देखते हुए नेपाल के भंसार विभाग (कस्टम विभाग) ने नियमों में ढील देते हुए नया आदेश जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि अभी आर्थिक वर्ष 2026/2027 के लिए नीति, कार्यक्रम, बजट और आर्थिक कानून बनाने की तैयारी चल रही है, इसलिए एमआरपी से जुड़े नियम को और स्पष्ट करने और अगले आर्थिक वर्ष से लागू करने की जरूरत है।

# वैटिकन ने तय की नई प्राथमिकता अब सेक्स-शादी से ज़्यादा ग़रीबी व हक़ की बात होगी



फरीद वारसी

गौरतलब है कि सीजफायर से पहले जब ईरान और इजरायल–अमेरिका का युद्ध अपने चरम पर था तो दुनिया की सबसे ताकतवर सेना के नेता यानी डोनाल्ड ट्रंप और 1.4 अरब कैथोलिक लोगों के सबसे बड़े धार्मिक गुरु यानी पोप लियो चौदहवें के बीच जुबानी जंग जारी चल रही थी। इस दौरान पोप ने एक बार फिर बिना नाम लिए डोनाल्ड ट्रंप पर बड़ा निशाना साधा था। पोप लियो चौदहवें ने कहा है कि दुनिया "कुछ तानाशाह लोगों" द्वारा बर्बाद की जा रही है, जो युद्ध पर अरबों रुपये खर्च करते हैं। उनकी यह बात अमेरिका– ईरान जंग को लेकर ट्रंप के साथ लगभग एक महीने से चल रहे उनके विवाद को और बढ़ाने वाली मानी जा रही है। वहीं ट्रंप भी कहां पीछे रहने वाले, उन्होंने पोप का नाम लेकर कहा है कि उन्हें इस "खतरनाक दुनिया" की सच्चाई समझनी चाहिए। पहले अमेरिका में जन्मे पोप ने डोनाल्ड ट्रंप का नाम सीधे नहीं लिया, था। लेकिन कैमरून में अपने भाषण में उन्होंने उन विश्व नेताओं की आलोचना की, जो दूसरे देशों के खिलाफ हिंसा को सही ठहराने के लिए धर्म का सहारा लेते हैं। उनकी यह बात तब आई जब अमेरिका के बिशप्स (धार्मिक नेता) ने कैथोलिक चर्च के प्रमुख (पोप) का खुलकर समर्थन किया था। पोप लियो चौदहवें कई दिनों से ट्रंप के निशाने पर हैं, क्योंकि उन्होंने ईरान के खिलाफ युद्ध का विरोध किया था। बहरहाल अब बात वेटिकन सिटी और पोप लियो की तो मालूम हो कि पोप लियो ने साफ कर दिया है कि चर्च को अब अपनी पुरानी सोच बदलनी होगी। अब सारा ध्यान इस पर नहीं रहेगा कि लोग अपनी निजी जिंदगी कैसे जी रहे हैं। पोप का मानना है कि चर्च का असली काम दुनिया में फैली गरीबी, अमीरी–गरीबी के बीच की खाई और लोगों के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ लड़ना है। उन्होंने इशारा किया कि चर्च अब तक सेक्स, गर्भपात और शादी जैसे मुद्दों पर ज्यादा उलझा रहा, लेकिन अब उसे दुनिया के बड़े दुखों (जैसे युद्ध और भूख) पर ध्यान देना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पोप को बहुत ज्यादा खुले विचारों वाला बताकर उनकी आलोचना की थी। इस पर पोप ने बेबाकी से कहा कि वे किसी के विरोध से नहीं डरते और शांति के लिए बोलते रहेंगे। पोप लियो ने अफ्रीका के चार देशों की यात्रा में निरंकुशता और युद्ध की कड़ी निंदा की, साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अभूतपूर्व हमलों की भी आलोचना की, जिन्होंने सुर्खियां बटोरीं। लेकिन एक छोटा सा क्षण, जिसमें पोप ने कहा कि कैथोलिक चर्च को सेक्सुअल एथिक्स के मुद्दों के बजाय असमानता और न्याय के मुद्दों को प्राथमिकता देनी चाहिए, चर्च के 1.4 अरब सदस्यों के लिए लंबे समय तक





महत्वपूर्ण साबित हो सकता है, ऐसा विशेषज्ञों का कहना है.घर लौटते समय एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पोप लियो ने कहा, चर्च की एकता या विभाजन सेक्स मामलों के इर्द–गिर्द नहीं घूमना चाहिए। मेरा मानना है कि न्याय, समानता जैसे कहीं अधिक महत्वपूर्ण मुद्दे हैं... जिन्हें इस विशेष मुद्दे से पहले प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एलजीबीटीक्यू कैथोलिकों का समर्थन करने वाले समूह डिग्निटी यूएसए की कार्यकारी निदेशक मैरिएन डड्डी–बर्क ने पोप की टिप्पणियों को प्राथमिकताओं का एक बहुत ही महत्वपूर्ण और लंबे समय से प्रतीक्षित प्रायोरिटी बताया। वैश्विक चर्च में पादरी और बिशप लंबे समय से सेक्स के मुद्दों पर अपनी शिक्षाओं को उच्च प्राथमिकता देते रहे हैं, जिनमें गर्भपात, गर्भनिरोधक और समलैंगिक विवाह पर प्रतिबंध शामिल हैं। 2009 में अफ्रीका की अपनी पहली यात्रा पर, दिवंगत पोप बेनेडिक्ट ने उस समय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आक्रोश पैदा कर दिया जब उन्होंने कहा कि चर्च कैथोलिकों द्वारा कंडोम के उपयोग पर लगे प्रतिबंध में ढील नहीं दे सकता, यहां तक कि एचआईवी/एड्स के प्रसार को रोकने में मदद के लिए भी नहीं। बेनेडिक्ट ने कहा कि कंडोम की अनुमति देने से नैतिक रूप से समस्या और बढ़ जाएगी। यही कारण है कि पोप लियो का . ष्टिकोण वैश्विक चर्च के लिए नया माना जा रहा है। लियो ने समलैंगिक जोड़ों को आशीर्वाद देने के चर्च के बारे में एक प्रश्न के उत्तर में ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा कि वे दिवंगत पोप फ्रांसिस के 2023 के ऐतिहासिक निर्णय का समर्थन करते हैं, जिसमें पादरियों को धार्मिक अनुष्ठान के बाहर, अनौपचारिक रूप से और मामले–दर–मामले के आधार पर समलैंगिक जोड़ों को आशीर्वाद देने की अनुमति दी गई है। लेकिन लियो ने कहा कि वह अन्य नैतिक प्रश्नों को प्राथमिकता देना चाहते हैं और आशीर्वाद को और अधिक औपचारिक रूप देने के पक्ष में नहीं हैं। बोस्टन कॉलेज के शिक्षाविद रेव. जेम्स कीनन ने लियो के . ष्टिकोण को वैश्विक चर्च के लिए नया बताया। नैतिक मुद्दों पर केंद्रित कैथोलिक शिक्षाविदों के एक वैश्विक नेटवर्क के संस्थापक, जेसुइट पादरी कीनन ने कहा, पोप यह बता रहे हैं कि वेटिकन में चिंताओं का एक क्रम है और यह धारणा कि सेक्स से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए, गलत है। यह स्पष्ट रूप से पोप का एक विवेकपूर्ण निर्णय है... कि समलैंगिक विवाह को आशीर्वाद देने जैसे मुद्दों को तानाशाही और युद्ध जैसी तात्कालिक चुनौतियों पर हावी नहीं होने देना चाहिए। कैथोलिक चर्च सिखाता है कि विषमलिंगी विवाह के बाहर यौन संबंध पाप हैं। यह कहता है कि समलैंगिक आकर्षण वाले लोगों को पवित्रता का पालन करने का प्रयास करना चाहिए। फ्रांसिस ने पिछले अप्रैल में अपनी मौत तक 12 वर्षों तक चर्च का नेतृत्व किया। उन्होंने मुख्य रूप से न्याय के मुद्दों पर चर्च की शिक्षाओं पर जोर देने का प्रयास किया। 2013 में वेटिकन में कार्यरत एक पादरी के समलैंगिक होने की अफवाहों के बारे में पूछे जाने पर, फ्रांसिस ने प्रसिद्ध रूप से उत्तर दिया– ष्यदि कोई व्यक्ति समलैंगिक है और प्रभु की खोज कर रहा है और उसकी इच्छा नेक है, तो मैं कौन होता हूं उसका न्याय करने वाला? ये टिप्पणियां कैथोलिकों के प्रति एक पोप की अभूतपूर्व खुलेपन का संकेत थीं, फ्रांसिस के कार्यकाल का एक महत्वपूर्ण क्षण बन गईं, जिन्हें व्यापक रूप से उद्धृत किया गया और व्यापारिक वस्तुओं और टी–शर्ट पर छापा गया। फोर्डहम विश्वविद्यालय के वेटिकन विशेषज्ञ और शिक्षाविद डेविड गिब्सन ने लियो की टिप्पणियों के बारे में कहा, ऐसा लगता है जैसे लियो ने मैं कौन होता हूं न्याय करने वाला?श वाला क्षण चुना हो। गिब्सन ने आगे कहा, (लियो) शांति और न्याय के समर्थक हैं और इन नैतिक शिक्षाओं को यौन नैतिकता के बराबर ही महत्वपूर्ण मानते हैं। एलजीबीटीक्यू कैथोलिकों का समर्थन करने वाले एक अन्य समूह, न्यू वेज मिनिस्ट्री के कार्यकारी निदेशक फ्रांसिस डीबर्नार्डो ने लियो की प्रतिक्रिया की सराहना की। डीबर्नार्डो ने कहा, उन्होंने अन्य मामलों, अधिक सामाजिक मामलों – न्याय, समानता, स्वतंत्रता – को अधिक नैतिक महत्व का विषय बताया। उन्होंने कहा, एलजीबीटीक्यू+ लोगों के लिए काम करने वाले कैथोलिक कार्यकर्ता वर्षों से यही बात कहते आ रहे हैं।

# अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मजदूर आंदोलन, वेतन से आगे, सामाजिक न्याय की लड़ाई?

अरुण कुमार डनायक

मजदूर दिवस पर श्रमिक आंदोलनों की चर्चा अक्सर फैक्टरी गेट पर विरोध, नारेबाजी, अति–आवश्यक सेवाओं को ठप कर देने या हड़तालों की हिंसक छवियों, शहरों के उद्योग बंद होने की कहानियों तक सीमित रह जाती है। यह दृष्टि उस बड़े सत्य को अनदेखा कर देती है कि दुनिया के मजदूर केवल अपने अधिकारों के लिए ही नहीं, बल्कि देशहित, लोकतंत्र और मानव गरिमा की रक्षा के लिए भी निर्णायक भूमिका निभाते रहे हैं। भारत में भी श्रमिक वर्ग ने यह भूमिका निभाई है। चम्पारण सत्याग्रह में खेतिहर मजदूर नील किसानों के साथ खड़े रहेय 1918 में अहमदाबाद, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान मुंबई की मिल हड़ताल और दांडी यात्रा में कारीगरों, नमक निर्माताओं और तटीय मजदूरों ने औपनिवेशिक अन्याय के विरुद्ध व्यापक जनशक्ति खड़ी कर मजदूरों की सामूहिक शक्ति प्रदर्शित की थी। डॉ. आंबेडकर के नेतृत्व में महाड़ के चवदार तालाब सत्याग्रह में दलित श्रमिकों ने सामाजिक समानता की लड़ाई को नई दिशा दी थी। इसी वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अमेरिका का नागरिक अधिकार आंदोलन एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। जिम क्रो नियमों के तहत अमेरिका में अश्वेत नागरिकों को अलग, लेकिन समान के नाम पर अपमानजनक भेदभाव का सामना करना पड़ता था। सार्वजनिक सुविधाएं, जैसे– बस, ट्रेन, पार्क, स्कूल आदि में व्यवस्थाएं अलग–अलग थीं और मतदान में बाधा डालने के लिए साक्षरता परीक्षण व पोल टैक्स जैसे उपाय थे। इन असमानताओं के विरुद्ध 1950–60 में व्यापक जनांदोलन उभरे, जिनमें श्वेत और अश्वेत सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ–साथ अश्वेत श्रमिकों ने अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर संघर्ष को दिशा दी। इन आंदोलनों की रीढ़ घरेलू कामगार, औद्योगिक श्रमिक और उनके संगठन थे, जिन्होंने हर स्तर पर संघर्ष को जीवित रखा। ग्रामीण इलाकों में हिंसा और दमन के बावजूद खेतिहर मजदूरों व बटाईदारों ने यूनियनें बनाईं और फ्रीडम समर जैसे अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई। इन सबके बीच पादरी मार्टिन लूथर किंग (जूनियर) इस आंदोलन के सबसे प्रेरक और नैतिक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरे। उन्होंने महात्मा गांधी की अहिंसा, श्सविनय अवज्ञा आंदोलनश व सत्याग्रह से प्रेरित होकर श्रमिक वर्ग की शक्ति को संगठित कर संघर्ष को राष्ट्रीय स्वरूप दिया। एक दिसंबर 1955 को एक साधारण कामकाजी महिला रोजा पार्क्स द्वारा मॉन्टगोमरी की बस में श्वेत अमेरिकी नागरिक के लिए अपनी सीट छोड़ने से इंकार करना अचानक उपजा विद्रोह नहीं था। यह वर्षों से सहते आ रहे अपमान के विरुद्ध एक शांत, पर निर्णायक प्रतिकार था। उनकी गिरफ्तारी ने अश्वेत समाज को झकझोर दिया और 381 दिनों तक चलने वाले श्मॉन्टगोमरी बस बहिष्कारश की शुरुआत हुई। इस बहिष्कार की असली ताकत घरेलू कामगार महिलाएं, औद्योगिक श्रमिक, खेतिहर मजदूर और निम्न आय वर्ग के वे लोग थे, जो रोजमर्रा के आवागमन के लिए इन्हीं बसों पर निर्भर थे। बहिष्कार का सबसे बड़ा बोझ भी इन्हीं ने उठाया। लोग मीलों पैदल चले, चर्चों की वैनें चलीं, कार–पूल बने, टैक्सी चालकों ने कम किराए पर यात्राएं कराईं। सुबह अंधेरे में निकलने वाली घरेलू कामगार महिलाएं और मजदूर, लंबी दूरी पैदल चलने की कठिनाइयों के बावजूद डटे रहे। दूसरी ओर श्वेत प्रतिरोध लगातार हिंसक होता गया, किंग के घर पर बम फेंके गए, कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेलों में प्रताड़ित किया गया और आंदोलनकारियों को निरंतर धमकियां दी गईं। इसके बावजूद आंदोलन की आत्मा गांधीजी की अहिंसा के अनुरूप ही रहीय जेल की कोठरियों और सड़कों पर वी शैल ओवरकम जैसे आशा भरे गीत गूंजते रहे। मनुष्य की गरिमा और समानता का प्रतीक यह गीत भारत में भी शहम होंगे कामयाब एक दिन के रूप में लोकप्रिय हुआ। मॉन्टगोमरी बस आंदोलन की श्रमिक आधारित नैतिक शक्ति ने विद्यार्थियों में भी प्रतिरोध की नई चेतना जगाई। इसी प्रेरणा से 1960 का सिट इन मूवमेंट जन्मा, जब ग्रीन्सबोरो के चार छात्रों ने श्वेत आरक्षित लंच–काउंटर पर बैठकर अलगाव को चुनौती दी। कुछ ही महीनों में हजारों छात्रों ने इस अहिंसक सत्याग्रह के माधयम से नस्लीय भेदभाव के खिलाफ बिगुल फूंक दिया। 1961 का फ्रीडम राइड आंदोलन, जिसकी रीढ़ श्रमिक और छात्र थे, अमेरिकी लोकतंत्र की वास्तविक परीक्षा बन गया। बसों में सवार शांतिपूर्ण आंदोलनकारियों पर श्वेत भीड़ की क्रूर हिंसा और गिरफ्तार अश्वेत यात्रियों को प्रताड़ित किये जाने की खबरों ने अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय छवि को गहरा आघात पहुंचाया। 1963 का मार्च ऑन वॉशिंगटन आज भले ही किंग के आई हैव अ ड्रीम भाषण से पहचाना जाता हो, पर इसकी नींव श्रमिक नेता ए. फिलिप रैंडोल्फ और ब्रदरहुड ऑफ स्लीपिंग कार पोर्टर्स यूनियन ने रखी थी। इस मार्च का आधिकारिक नाम श्नौकरियों और स्वतंत्रता के लिए वॉशिंगटन मार्च स्पष्ट करता है कि यह आंदोलन मूलतरू श्वेत और अश्वेत मजदूरों के बीच समानता, आर्थिक न्याय और श्रमिक अधिकारों की मांग से उपजा था। वॉशिंगटन मार्च ने न केवल नस्लीय भेदभाव के खिलाफ एक सशक्त आवाज उठाई, बल्कि सिद्ध किया कि श्रमिक आंदोलन, अहिंसा और शांतिपूर्ण अनुशासन के द्वारा व्यापक सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करते हैं। मार्टिन लूथर किंग द्वारा आंदोलन की जननी कही जाने वाली सेप्टिमा क्लार्क का योगदान नस्लीय भेदभाव के इतिहास में अद्वितीय है। उनके सिटीजनशिप स्कू लों ने अश्वेत श्रमिकों को साक्षर बनाया, उन्हें मतदान के लिए पंजीकरण कराने में सक्षम किया, यूनियनों और आंदोलनों में नेतृत्व विकसित किया। उनके प्रयासों का ही सुखद परिणाम है कि आज अमेरिकी कांग्रेस में अश्वेत प्रतिनिधित्व अपने ऐतिहासिक उच्च स्तर पर है और यह सब बिना किसी आरक्षण के संभव हुआ है। इन आन्दोलनों से बढ़ते दबाव के कारण राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी को हस्तक्षेप करना पड़ाय उन्होंने आंदोलन को टकराव और हिंसा से हटाकर मतदाता पंजीकरण जैसे लोकतांत्रिक कदमों की ओर मोड़ा, अंतरराज्यीय परिवहन में नस्लीय भेदभाव समाप्त करने के लिए संघीय आदेश लागू किए और नागरिक अधिकारों पर व्यापक कानून लाने की घोषणा की। दुर्भाग्य से 1963 में कैनेडी की हत्या हो गई और उनके बाद 1964 में सिविल राइट्स एक्ट पारित हुआ। इतिहास बताता है कि श्रमिक वर्ग केवल वेतन और सुविधाओं की लड़ाई नहीं लड़ता, बल्कि लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के आंदोलनों का प्रमुख वाहक रहा है। परिवर्तन की सबसे सशक्त पटकथा अक्सर उन्हीं हाथों से लिखी जाती है, जिनमें मेहनत के निशान होते हैं। अमेरिका में सामाजिक कार्यकर्ताओं को कई बार कम्युनिस्ट, विध्वंसक या व्यवस्था के लिए खतरा बताकर आरोपित किया गया। भारत में भी सामाजिक आंदोलनों पर ऐसे आरोप समय–समय पर लगते रहे हैं और उन्हें राजनीतिक द्वेष व वित्तीय पाबंदियों का सामना करना पड़ता है। फिर भी, श्रमिक आंदोलनों की लौ आरोपों से नहीं बुझती, वह हर चुनौती के साथ और प्रखर होती जाती है। आज, गिग और असंगठित अर्थव्यवस्था के दौर में श्रमिक अधिकार और गरिमा की यह लड़ाई पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गई है।

(लेखक सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत, रेलवे ट्रैक पर मिला शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

स्योहारा, बिजनौर। सहसपुर इलाके में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। मृतक की पहचान गुलशन कुमार पुत्र निवासी ग्राम जूझेला बिसनपुरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने सबसे पहले शव को रेलवे ट्रैक पर देखा और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना स्योहारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। फिलहाल युवक की मौत के कारणों का कोई स्पष्ट सुराग नहीं लग पाया है। प्रथम .ष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, जिसे देखते हुए पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है चाहे वह हादसा हो, आत्महत्या या किसी साजिश की आशंका। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा और सच्चाई सामने लाई जाएगी।

# दूध लेने जा रही महिला पर हाथी का हमला, मौके पर मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

मंडावली, बिजनौर। ग्राम रामपुर चाढ़ा में शुक्रवार सुबह जंगली हाथी के हमले से एक महिला की मौत हो गई, जिससे गांव में दहशत का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ब्रह्मवती (45) पत्नी सुंदर सिंह सुबह करीब 7.30 बजे गांव से कुछ दूरी पर स्थित डेरे की ओर दूध लेने जा रही थीं। इसी दौरान रास्ते में अचानक जंगली हाथी से उनका सामना हो गया। हाथी ने महिला पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। परिजनों में इस घटना के बाद कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से जंगली हाथियों की आवाजाही बनी हुई है, जिससे लगातार खतरा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और वन्यजीवों की गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। फिलहाल, संबंधित विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# दूल्हे के नशे पर बवाल, दुल्हन ने ससुराल न जाने का लिया फैसला

न्यूज वाणी ब्यूरो

हल्दौर, बिजनौर। बैंक्वेट हॉल में बुधवार रात आयोजित शादी समारोह में उस समय विवाद हो गया, जब दूल्हा कथित रूप से शराब के नशे में डांस करने लगा। इस बात को लेकर वधू और वर पक्ष के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो जल्द ही विवाद में बदल गई। मौके पर मौजूद लोगों के हस्तक्षेप से किसी तरह मामला शांत कराया गया और विवाह की रस्में पूरी कराई गईं। हालांकि, सात फेरों के बाद जब दुल्हन को दूल्हे की नशे की हालत और विवाद की जानकारी हुई, तो उसने ससुराल जाने से साफ इंकार कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच फिर से तनाव बढ़ गया और कई घंटों तक पंचायत स्तर पर वार्ता चलती रही, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। पुलिस के अनुसार, अभी तक किसी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है और आपसी समझौते के प्रयास जारी हैं। वहीं, बरात बिना दुल्हन के ही वापस लौट गई।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, वीडियो मिलने से हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो/चंदक, बिजनौर। दौलतपुर निवासी 26 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक बुधवार को अपने मौसेरे भाई की शादी में शामिल होने के लिए बिजनौर आया था और रात में घर लौट गया था। बताया जा रहा है कि देर रात वह अपने कमरे में था। गुरुवार सुबह काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर परिजनों को शक हुआ, जिसके बाद घटना की जानकारी हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान हर्ष पुत्र बंटू के रूप में हुई है। उसके माता–पिता का पहले ही निधन हो चुका था और वह अपनी बहन के साथ रह रहा था। पुलिस को मृतक के मोबाइल फोन से एक वीडियो भी मिला है, जिसकी जांच की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार युवक कुछ समय से मानसिक तनाव में था। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# एडीएम (न्यायिक) कोर्ट पर भ्रष्टाचार के आरोप, पांच वर्षों से लंबित नक्शा प्रकरण बना विवाद का कारण

अभिनन्दन मोर्चा/हमीरपुर। जनपद के एडीएम (न्यायिक) कोर्ट पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगने से प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, पिछले पांच वर्षों से उसका नक्शा दुरुस्तीकरण प्रकरण लंबित है और बार–बार बिना ठोस कारण के खारिज किया जाता रहा है। जबकि आयुक्त द्वारा 45 दिनों के भीतर सुनवाई कर निस्तारण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। शिकायत में इसे विभागीय कमी बताते हुए कहा गया है कि यदि कोई त्रुटि थी तो उसे विभाग स्तर पर सुधारा जाना चाहिए था। आरोप है कि एडीएम कोर्ट के आदेश कथित रूप से वकील के आवास पर पेशकारों की मिलीभगत से तैयार किए जाते हैं और इसके लिए मोटी रिश्वत ली जाती है। साथ ही एडीएम पर यह भी आरोप लगाया गया है कि चकबंदी ड्राफ्टमैन से गलत आख्या तैयार कराकर मुकदमे को खारिज कराया गया, जो न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न उठाता है। शिकायतकर्ता का कहना है कि विरोध करने पर जेल भेजने की धमकी दी जाती है, जिससे फरियादियों में भय का माहौल बना हुआ है। पूरे मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज हो गई है। शिकायतकर्ता ने उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि आम जनता को न्याय मिल सके और प्रशासनिक पारदर्शिता बनी रहे।

# वन प्रभाग में श्रमिकों का सम्मान, उत्साह के साथ मनाया मजदूर दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर वन प्रभाग में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दैनिक श्रमिकों को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम में प्रभागीय निदेशक जय सिंह कुशवाहा एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी महेश चंद गौतम बिजनौर रेंज की उपस्थिति विशेष रही। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा वन विभाग में कार्यरत दैनिक श्रमिकों को चना, गुड़, छाता, ग्लूकोज, गमछा, दवाइयां, कैप, पानी की बोतल एवं कैंडी जैसी आवश्यक एवं उपयोगी सामग्री वितरित की गई। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए दिए गए ये सामान श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुविधा के लिए अत्यंत उपयोगी बताए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभागीय निदेशक जय सिंह कुशवाहा ने कहा कि मजदूर समाज की रीढ़



होते हैं और उनके बिना किसी भी विकास कार्य की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने मजदूर दिवस की महत्ता बताते हुए कहा कि यह दिन श्रमिकों के अधिकारों, सम्मान और उनके संघर्षों की याद दिलाता है। उन्होंने सभी श्रमिकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। क्षेत्रीय वन अधिकारी महेश चंद गौतम ने भी श्रमिकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वन संरक्षण, वृक्षारोपण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मजदूरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विभाग हमेशा श्रमिकों के हितों के प्रति संवेदनशील है और उनके कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। कई श्रमिकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विभाग द्वारा किए गए इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के आयोजन उन्हें और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का समापन सभी श्रमिकों को शुभकामनाएं देने और उनके साथ संवाद स्थापित करने के साथ हुआ। इस अवसर पर वन विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

# गूंजे बुद्ध वंदना के स्वर, धूमधाम से मनाई बुद्ध पूर्णिमा

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर कोतवाली रोड स्थित सिद्धबली



विहार कॉलोनी में डॉ. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति जनजाति जन कल्याण समिति द्वारा एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयायियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ तथागत भगवान गौतम बुद्ध के चित्र के समक्ष समिति के अध्यक्ष रामनाथ सिंह सेवानिवृत्त दरोगा एवं सूरजा सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके पश्चात बुद्ध वंदना का आयोजन किया गया, जिसमें राकेश मोहन भारती, गोविंद सिंह बौद्ध, अतर सिंह एवं निशा बौद्ध ने सामूहिक रूप से वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम में हिमालयन कॉलोनी, दुर्गा विहार, सत्य विहार, आदर्श नगर, महावतपुर सहित आसपास की विभिन्न कॉलोनियों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। उपस्थित वक्ताओं ने भगवान गौतम बुद्ध के जीवन दर्शन, करुणा, अहिंसा और मध्यम मार्ग के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर निशा बौद्ध, अंजूषा, सुनीता आर्य, भारती, भुवनेश्वरी, ललिता रानी, हेमलता, ऊष्मा कशेरवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। वहीं ग्राम प्रधान पति राकेश चौधरी, इन्द्र बंधु शास्त्री, प्रवीण कुमार, सूरजा सिंह, लखपत सिंह, शेर सिंह (सेवानिवृत्त दरोगा), दिलेराम सिंह रवि, संजीव कुमार, योगेंद्र कुमार, रामनाथ सिंह (अध्यापक), डॉ. अनिल, गोविंद सिंह बौद्ध, जसलाल भारती, शिवकुमार वरुण, विमल सिंह कटारिया, वीर सिंह, राकेश कुमार, प्रीतम सिंह देशबंधु, दीपक कुमार, धर्मवीर सिंह बौद्ध, विपिन कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समिति के कोषाध्यक्ष राजेश कुमार एवं उपाध्यक्ष राम भरोसे सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज में शिक्षा, समानता और एकता को बढ़ावा देने पर बल दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में धनीराम सहित समिति के पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जितेंद्र कुमार ने कुशलता पूर्वक किया। अंत में सभी श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद वितरित किया गया, जिसके साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# राष्ट्र की प्रगति में मजदूर वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : डीएम

## - अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर कार्यक्रम का डीएम ने किया शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने श्रमिकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति में मजदूर वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा एवं उनके कल्याण के लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है, जिनका लाभ प्रत्येक पात्र श्रमिक तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। सहायक श्रमायुक्त अभिषेक सिंह द्वारा श्रमिकों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा श्रमिकों को प्रमाण–पत्र एवं सम्मान देकर उनके कार्यों की सराहना की गई। जिलाधिकारी द्वारा सहायक श्रम आयुक्त को निर्देशित किया गया कि विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार सभी ब्लाकों पर बैनर, पैम्प्लेट एवं कैंप के माध्यम से किया जाय साथ ही सभी पात्र श्रमिकों को जागरूक एवं उनका पंजीयन भी किये जाये। श्रमिकों की समस्याओं को सुनते हुए उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारीयों को आवश्यक निर्देश भी दिए गये। जिलाधिकारी महोदय ने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे श्रमिकों के प्रति सम्मान का भाव रखें तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन श्रमिकों के हितों की रक्षा के



लिए सदैव तत्पर है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की गयी जिसका लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में देखा व सुना गया। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक, जिला प्रोबेशन अधिकरी, जिला सूचना अधिकारी, अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड 01 व 02, एवं मनोज कुमार राजपूत श्रम प्रवर्तन अधिकारी, ज्ञानेन्द्र सिंह श्रम प्रवर्तन अधिकारी, एवं श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि कारखाना सेवायोजक प्रतिनिधि तथा ईट भट्ठा यूनियन के पदाधिकारी व बडी संख्या में मजदूर उपस्थित रहे।

# पेट्रोल पंप के पास बंद मैरिज हॉल में भीषण आग, मचा हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

शेरकोट, बिजनौर। नेशनल



हाईवे स्थित जेन पेट्रोल पंप के पास बंद पड़े एक मैरिज हॉल में अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग ने कुछ ही समय में मैरिज हॉल के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। चूंकि पास में पेट्रोल पंप स्थित है, इसलिए खतरा और बढ़ गया था, जिसे देखते हुए स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। दमकल कर्मियों की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया, जिससे पेट्रोल पंप तक आग फैलने से रोका जा सका। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है और इसे अज्ञात कारणों से लगी आग बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी लगभग इसी समय इसी मैरिज हॉल में आग लगने की घटना सामने आई थी, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। लगातार दूसरी बार आग लगने की घटना को लेकर सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रशासन द्वारा पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# महिला आरक्षण में दलित, पिछड़े व मुसलमानों का हिस्सा हो सुरक्षित : डा. अनिल

## – पिछड़ी, दलित महिलाओ की विरोधी मोदी सरकार : राकेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जिले मे महिला आरक्षण पर कांग्रेस द्वारा आयोजित सम्मेलन में महिला आरक्षण में दलितों, पिछड़ो और मुस्लिम पिछड़ी जातियों का आरक्षण सुनिश्चित करने की आवाज बुलंद हुई। इस अवसर पर कांग्रेस के पिछड़ा विभाग के चेयरमैन अनिल जयहिंद ने कहा महिला आरक्षण में पिछड़े, दलित और पिछड़ी



मुस्लिम महिलाओं का आरक्षण सुनिश्चित हो इसके बिना महिला आरक्षण बेमानी होगा। सासंद राकेश राठौर ने कहा कि मोदी सरकार दलित, पिछड़ी और पिछड़ी मुस्लिम महिलाओ का हक छीनना चाहती है कांग्रेस यह हकमारी नही होने देगी। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव कांग्रेस सुभाषिनी यादव ने कहा महिलाओ पर हिंसा करने वाली भाजपा महिला आरक्षण का राग अलाप कर अपनी महिला बिरोधी छवि साफ करना चाहती है। इस अवसर पर सुनीला रावत ने कहा जब ग्राम सभा सरकार में दलित, पिछड़ी, पिछड़ी मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण है फिर विधानसभा और लोकसभा मे ग्राम सभाओं जैसा आरक्षण क्यो नहीं? अगर मोदी सरकार ने ऐसा नहीं किया तो दलित पिछड़ी महिलाए मोदी सरकार को उखाड़ फेंकेगी। सुनीता चौधरी ने भी महिलाओ के हक की आवाज बुलंद की। सम्मेलन मे शिवप्रकाश सिंह, राहुल सिंह, हसीना खातून, विष्णु गौतम ने भी संबोधित किया।

# मजदूर दिवस पर एल एंड टी कंस्ट्रक्शन ने श्रमिकों का किया सम्मान

## – निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, सुरक्षा प्रशिक्षण व उत्कृष्ट श्रमिकों को किया पुरस्कृत

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जल जीवन मिशन की कार्यदायी संस्था एल एंड टी कंस्ट्रक्शन द्वारा मजदूर दिवस के अवसर पर धरनाग स्थित यार्ड





में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने भाग लिया। आयोजन के दौरान श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और बेहतर कार्य करने वाले श्रमिकों को सम्मानित कर पुरस्.त किया गया। विशेषज्ञों की टीम ने श्रमिकों को भविष्य निधि, कर्मचारी बीमा तथा विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। इसके साथ ही श्रमिकों को कार्य के दौरान पालन किए जाने वाले सुरक्षा मानकों और आवश्यक दिशा–निर्देशों के बारे में बताया गया, ताकि कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। कार्यक्रम में कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर बालेंद्र कुमार सिंह, सुमित शर्मा, अकाउंट मैनेजर विभाष कुमार, प्रभाकर कुमार, सेटी इंचार्ज आशुतोष कुमार, युवराज, नीरज मिश्रा, अजय शुक्ला, स्टोर इंचार्ज जितेंद्र तिवारी, ठेकेदार सुधीर सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# प्रशिक्षण पार्टी की राजनीतिक अभिव्यक्ति को व्यक्तकरने का माध्यम : अविनाश

## - संगठन को सुद्रण करने का माध्यम है कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग

## - भाजपा एक संगठन आधारित कार्यकर्ता भाव की पार्टी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। भाजपा के संगठनात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में जिला कार्यसमिति की बैठक जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी एवं एमएलसी अविनाश सिंह चौहान ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से संगठन की विचार धारा, कार्य प्रणाली एवं आगामी रणनीति को और अधिक सुद्रण किया जाएगा प्रशिक्षण पार्टी की राजनीतिक अभिव्यक्ति को व्यक्त करने का माध्यम है। भाजपा में पं. दीन दयाल उपाध्याय के विचारो की व्यापकता के लिए




कार्यकर्ता काम करता है। भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं बल्कि व्यक्ति की भावना के साथ काम करने वाली संवेदनशील पार्टी है। भाजपा का विचार सर्वग्राही, सर्वस्पर्शी व सर्वव्यापी है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को गढ़ने का काम किया जाता है भाजपा में कार्यकर्ता और संगठन सर्वोपरि है। कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत है चाहे पुराने हो या नए हो उनकी सीखने की लगन और समर्पण ही उनकी पहचान है उन्होंने कहा कि इन्ही कर्मठ कार्यकर्ताओं के दम पर संगठन निरंतर आगे बढ़ रहा है सजग, सोच, अनुशासन और जनसेवा के प्रति अटूट निष्ठा कार्यकर्ताओ को सबसे अलग बनाती है। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि जिले के चारों विधानसभाओं के सभी 16 मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग सफलता पूर्वक संपन्न हो चुके है। अब बांदा का जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आगामी 20 व 21 मई को आयोजित किया जाना है जिसमे जिला स्तरीय वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी वैचारिक प्रति बद्धता के साथ भाग लेंगे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री निखिल सक्सेना ने किया। इस अवसर पर संतोष गुप्ता, जगराम सिंह, संजय सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, मालती बासु, संगीता निराला, उत्तम सक्सेना, आनंदी साहू, वंदना गुप्ता, ममता मिश्रा, अजय सिंह पटेल, दुर्गा चौरसिया, सुधीर कुशवाहा, अयोध्या सिंह पटेल, राजेश गुप्ता, अमित सेठ भोलू, विवेकानंद गुप्ता, दिलीप तिवारी, पंकज रैकवार आदि मौजूद रहे।

# रिकॉर्ड रूम आगजनी कांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## - सिविल लाइन पुलिस की कार्रवाई, फरार अभियुक्त दबोचा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना सिविल लाइन पुलिस टीम ने सरकारी रिकॉर्ड रूम में आगजनी करने वाले फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 14/15 दिसंबर 2025 की मध्यरात्रि को इटावा प्रखण्ड निचली गंगा नहर स्थित रिकॉर्ड रूम का दरवाजा तोड़कर उसमें आग लगा दी गई थी। इस घटना में महत्वपूर्ण राजकीय अभिलेख, फर्नीचर, अलमारियां, कंप्यूटर, प्रिंटर सहित अन्य सरकारी संपत्ति पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई थी। मामले के संबंध में सहायक अभियंता (द्वितीय) प्रतीक आनंद द्वारा थाना सिविल लाइन में मुकदमा अपराध संख्या 237/2025 धारा 326(ळ)/324(4) बीएनएस के तहत पंजी.त कराया गया था। जांच के दौरान नामजद अभियुक्त भरत कुमार, जो कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है, घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। उसकी गिरतारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयासरत थी। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरतार अभियुक्त की पहचान भरत कुमार, निवासी थाना सिविल लाइन क्षेत्र के रूप में हुई है, जो इटावा प्रखण्ड निचली गंगा नहर कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक कण्व कुमार मिश्रा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मंगल सिंह एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से यह स्पष्ट है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सक्रिय और प्रतिबद्ध है।



# शरद ने अप्रैल महीनें में लगातार तीसरी बार कराई फागिंग

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ सभासद शरद बाजपेयी ने संचारी रोगों की रोकथाम के साथ–साथ मच्छरों की रोकथाम के लिए ऐंटी लार्वा दवा के छिड़काव के साथ ही पुराना शहर के विभिन्न मोहल्लों में अप्रैल महीनें में लगातार



तीसरी बार शाम साढ़े तीन बजे से छः बजे तक छोटी व बड़ी दोनों फागिंग मशीन से शाहगंज, उझैदी, चौखर कुआं, वैरुन पंसारी टोला, हुई गंज, राजागंज, सीओ चौराहा, सीओ आफिस, राजागंज हाता, गाड़ीपुरा चूड़ी बाजार, लालपुरा आंशिक, अकालगंज, कटरा टेक चंद्र, पचराहा, छैराहा, कुंज गली, अकालगंज गौड़ा, गंज जबरसिंह, कुंज फाटक आदि मुहल्लों में दवा का छिड़काव कराया। भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने कहा कि गर्मी का समय है इसलिए स्वच्छता का ध्यान हम सभी को विशेष रूप से रखना होगा, इसलिए महीने में तीन बार लगातार फागिंग मशीन से दवा का छिड़काव हर बार की भांति स्वयं साथ जाकर करा रहा हूं, और ऐंटी लार्वा दवा का छिड़काव भी लगातार कराया जा रहा है। बस आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है, स्वच्छता रखकर हम अपने वातावरण को स्वच्छ रख सकते हैं जो बीमारियों से बचाव में हमारी सहायता करती है। इस अवसर पर अशोक दुबे, रमेश यादव, अज्जू अवस्थी, बंगाली दिवाकर, लल्लन वर्मा, राजीव गुप्ता, लालजी दिवाकर, राजेश दिवाकर आदि सहित नगर पालिका परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मौत का रास्ता बनी 15 किमी सड़क, हर कदम पर हादसे का खतरा

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। नगर क्षेत्र से बम्बा किनारे होते हुए बलरई थाना क्षेत्र से गुजरकर फिरोजाबाद और आगरा जनपद को जोड़ने वाली लगभग 15 किलोमीटर लंबी सड़क बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। सड़क के एक ओर गहरे गड्ढे बन गए हैं, वहीं दूसरी ओर झाड़ियां इतनी अधिक बढ़ चुकी हैं कि रास्ता संकरा और बेहद जोखिम भरा हो गया है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों बाइक सवार, दर्जनों स्कूली वाहन, साइकिल सवार, ऑटो और ई–रिक्शा गुजरते हैं। दिन के समय लोग किसी तरह सावधानी से निकल जाते हैं, लेकिन रात में हालात और अधिक खतरनाक हो जाते हैं। सामने से आने वाले वाहनों की तेज रोशनी के कारण राहगीरों को सड़क का सही अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे आए दिन बाइक और साइकिल सवार गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे हैं।



स्थानीय लोगों राकेश, सोनू, रमेश, बहादुर, शिवपाल, शिवप्रसाद, हाकिम सिंह, गजाधर, राजेन्द्र, सुभाष, रामसेवक, भूरे, रोहित, सुनील आदि का कहना है कि सड़क पर एक सैकड़ा से अधिक गड्ढे हो चुके हैं और कई जगहों पर डीसी सरफेस पूरी तरह उखड़ गया है। आने वाले बरसात के मौसम में हालात और बिगड़ने की आशंका है। ग्रामीणों और राहगीरों ने कई बार सड़क मरम्मत की मांग उठाई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में प्रांतीय खंड के जेई हरनाम सिंह ने बताया कि सड़क का निरीक्षण कर रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। बजट स्वी.त होते ही जून माह तक पैचिंग कार्य कराकर सड़क को दुरुस्त कराया जाएगा। फिलहाल, इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर निकली भव्य शोभा यात्रा

## – जगह–जगह हुआ खीर वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धा और उत्साह के साथ लगभग तीन किलोमीटर लंबी भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। भगवान बुद्ध की प्रतिमा को सुसज्जित कर यह यात्रा नगला भिखन, भतौरा व धारा नगरी होते



हुए हाईवे स्थित मलाजनी चौराहे तक पहुंची और सर्विस लेन के रास्ते नगला हरचंद स्थित बुद्ध विहार में संपन्न हुई। बुद्ध विहार पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्तियां प्रज्जवलित कीं तथा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने भगवान बुद्ध के शांति, करुणा और अहिंसा के संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान खीर का वितरण किया गया तथा वापसी में हाईवे स्थित पंचायत घर के निकट युवाओं द्वारा संयुक्त रूप से भारी मात्रा में खीर बांटी गई। कार्यक्रम में प्रो. डॉ. ओम प्रकाश शाक्य, पेंटर लक्ष्मण सिंह शाक्य, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विवेक शाक्य गुड्डू, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कुलदीप कुमार शाक्य, समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य, प्रधान लक्ष्मी नारायण शाक्य, एडवोकेट निखिल शाक्य एवं पवन शाक्य का स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस दौरान उदय शाक्य, ललित शाक्य, राजीव शाक्य, गौरव शाक्य, जसराम, आशीष कुमार, सूरज, सौरभ शाक्य, दिलीप, अनुज, विनय, रोहित नंदन, अर्जुन, अंकित, मंत्रवती, प्रिया, कोमल, रेनू, प्रीति, मंजू, नीतू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई, आठ उपभोक्ताओं पर मुकदमा दर्ज

## - मॉर्निंग रेड में 15.11 किलोवाट अवैध लोड पकड़ा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विद्युत वितरण मंडल द्वारा बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 30 अप्रैल को करनपुरा एवं छछोटी अहीरन टोला क्षेत्र में मॉर्निंग रेड की गई। अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर उपखंड अधिकारी प्रथम नवनीत कुमार एवं अवर अभियंता रतनमणि की अगुवाई में विजिलेंस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चयनित फीडरों पर छापेमारी की। रेड के दौरान 8 उपभोक्ताओं द्वारा अतिरिक्त केबल एवं केबल बाईपास के माध्यम से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। सभी मामलों की मौके पर वीडियोग्राफी कराते हुए संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 के अंतर्गत कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 15.11 किलोवाट का अवैध विद्युत भार पाया गया। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।



# सीएचसी बिंदकी में एफसीएम इंजेक्शन सेवा का शुभारंभ

## - गर्भवती महिलाओं को मिला लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में आज एफसीएम इंजेक्शन सेवाओं का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. इश्तियाक अहमद द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. अहमद ने



बताया कि एफसीएम एनीमिया के उपचार के लिए एक प्रभावी सिंगल–डोज थेरेपी है, जो विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं में हीमोग्लोबिन स्तर को तेजी से बढ़ाने में सहायक है। इससे मातृ स्वास्थ्य में सुधार होता है और सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के दौरान 6 गर्भवती महिलाओं को एफसीएम थेरेपी दी गई। साथ ही उत्तर प्रदेश टेक्निकल सपोर्ट यूनिट की ओर से लाभार्थियों को पोषण पोटली वितरित की गई, जिससे उनके पोषण स्तर को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में सीएचसी बिंदकी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता आलोक कुमार, उत्तर प्रदेश टेक्निकल सपोर्ट यूनिट से मिथलेश कुमार पाठक, डॉ. दीक्षा सिंह एवं डॉ. अंजलि श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मातृ एनीमिया की रोकथाम एवं सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रकार की सेवाओं को लगातार सु.ढ़ किया जा रहा है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर कचहरी परिसर में सेवा व श्रद्धा का संगम, शर्बत वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर कचहरी प्रांगण में



श्रद्धा, सेवा और सद्भाव के साथ कार्यक्रम का आयोजन कर शर्बत वितरण किया गया। सिविल बार संगठन की कोषाध्यक्ष एडवोकेट ममता शाक्य एवं कल्याण मित्र फाउंडेशन के केंद्रीय सदस्य एडवोकेट ऋषभ शाक्य के संयोजन में यह आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व डीबीए अध्यक्ष अनिल कुमार गौर, सिविल बार अध्यक्ष अनिल तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता पी.सी. दोहरे, दयानंद वाजपेई, रूपेन्द्र सिंह चौहान, एडीजीसी सिविल राजेश भदौरिया, समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य, हंसमुखी शंखवार एडवोकेट, शैलेन्द्र शाक्य, भूपेन्द्र चौहान एडवोकेट सहित अन्य अधिवक्ताओं द्वारा भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात बुद्ध वंदना के माध्यम से शांति और करुणा का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित वादकारियों एवं सहयोगिनियों को शरबत वितरण कर सेवा, करुणा और मानवता का भाव प्रदर्शित किया गया, जिससे पूरे परिसर में सद्भावना और पुण्य का वातावरण व्याप्त हो गया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितजनों ने भगवान बुद्ध के अहिंसा, शांति और करुणा के संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# ग्रामीण बैंक का प्रथम स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। कटरा शाखा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में एक मई को प्रथम स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर शाखा सदस्यों द्वारा केक काटकर मिष्ठान वितरित किया गया। इस दौरान ग्राहक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें ग्राहकों को बैंक की स्थापना दिवस एवं समस्त योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया। इस दौरान शाखा प्रबंधक चंद्र प्रताप शाक्य राकेश कुमार सिंह कविता गंगवार मोहम्मद आसिफ आदि अधिकारीगण मौजूद रहे। ग्राहक संगोष्ठी में विनोद कुमार गुप्ता अनीश सलमानी विवेक अग्रवाल हरिंदर सिंह बलबीर महेश गुप्ता इमरान मुनींद्र पाल आदि ग्राहक मौजूद रहे।



# बसरेहर में महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज–5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत थाना बसरेहर क्षेत्र में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं आमजन को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी, जिनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। लोगों को सचेत किया गया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया के उपयोग में सावधानी बरतने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर उन्हें सुरक्षा उपायों के प्रति विस्तार से जानकारी दी गई। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए लगातार अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है।



# दिलदारनगर में लगा रोजगार मेला, युवाओं का टूटा रेला

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जनपद के दिलदारनगर के एसकेबीएम इंटर कॉलेज के कैंपस में समाजसेवी और प्रधान प्रत्याशी इंजीनियर इमरान खान ने कहा कि इस बेटोजगारी के दौर में लोगों को नौकरी मिल जाये तो सबसे बड़ी खुशी परिवार को होती है और दूसरों की खुशी ही हमारी खुशी है। जिंदल कंपनी द्वारा एसकेबीएम डिग्री कॉलेज के कैम्पस में इमरान खान के प्रयास से दो दिन कैम्पस सेलेक्शन के माध्यम से लगभग में 1000 परिवारों को खुशी मिली और यह सब सम्भव हुआ इंजीनियर इमरान खान के प्रयास से। एसकेबीएम कॉलेज के प्रबंधक ने कहा कि क्षेत्र में नेक कार्य के लिए किसी भाई के लिए कैम्पस ले सकता है। इमरान तो मेरे घर का है और इनका प्रयास बेरोजगार युवाओं के परिवार के एक शकुन भरा पल है।



# श्रमिक दिवस पर सम्मानित किए गए वन श्रमिक

## - गर्मी व वन अग्नि से बचाव होते दिए आवश्यक वस्तु

न्यूज वाणी ब्यूरो
बहराइच। रूपईडीहा के वन रेंज रूपईडीहा अंतर्गत वन कर्मियों को श्रमिक दिवस के अवसर पर वन क्षेत्राधिकारी अतुल श्रीवास्तव



के द्वारा वन श्रमिकों को वन्य जीव एवं वन अग्नि एवं गर्मी से बचाव हेतु आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। साथ ही साथ वन जीवन एवं अग्नि से बचाव के तरीकों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर रुपईडीहा रेंज के समस्त वनकर्मी मौजूद रहे इन वन क्षेत्र अधिकारी द्वारा दिए गये वस्तु पाकर वनकर्मी काफी प्रसन्न नजर आए वन रेंज अधिकारी ने बताया की सरकार द्वारा वन कर्मियों को हिंसक जानवर एवं वन अग्नि से बचाव हेतु आवश्यक वस्तुओं का वितरण करने के निर्देश दिए गए थे जिसको लेकर यह वस्तुएं सभी वन कर्मियों को उपलब्ध करा दिए गए।

# नाबालिग लड़की को भगा ले गया युवक, कोतवाली में शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो
डलमऊ, रायबरेली। घर से निकली नाबालिक लड़की को अज्ञात युवक ने बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। घर वालों को जानकारी हुई तो मामले की शिकायत कोतवाली डलमऊ में की।

मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के चकमालिक भीटी गांव की है जहां चिलौला बाजार दवा लेने के लिए दो बहने घर से निकली जैसे ही गांव के बाहर सड़क पर आई तो कपड़े से मुंह बांधे हुए अज्ञात युवक द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले गया वहीं उसकी दूसरी बहन जाने से मना किया लेकिन नहीं मानी। घटना के बाद लड़की के घर वालों ने अज्ञात युवक के विरुद्ध डलमऊ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। लड़की के पिता अजय ने अपनी शिकायत में बताया कि हम ईट भट्ठे पर मजदूरी करने के लिए उतरा गौरी लालगंज गए थे घर पर मेरी पत्नी और बच्चे थे मेरी बेटी पड़ोस के एक घर में भूसा रखने गई थी। जिसके बाद नहा धोकर दवा लेने ले लिए अपनी बहन के साथ चिलौला बाजार जा रही थी जैसे ही सड़क पर आई तो एक अज्ञात युवक मुंह बांधे हुए लड़की के पास आया और अपनी मोटरसाइकिल में बिठाकर बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित की दूसरी बेटी ने जाने से मना किया पर उसकी बहन नहीं मानी। फिलहाल दी गई शिकायत के आधार पर डलमऊ पुलिस ने मुकदमा पंजी.त करते हुए आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।



# परशुराम सेवा समिति की बैठक कल

न्यूज वाणी ब्यूरो
इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति उ.प्र. (रजि.) की एक आवश्यक बैठक तीन मई दिन रविवार को प्रात 10 बजे से प्रदेश कार्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में होगी। उक्त जानकारी देते हुए परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट व प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी, जयशिव मिश्रा ने बताया कि बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा तय की जाएगी एवं मेधावी सम्मान समारोह की तैयारियों आदि पर भी विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने परशुराम सेवा समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करुणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा !
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/- में
कान्टेक्ट लैंस मात्र 350/- में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय जमानियां को मिली एमए समाजशास्त्र की स्थाई संबद्धता

न्यूज वाणी ब्यूरो/जमानियां, गाजीपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय जमानियां को एमए समाजशास्त्र विषय में स्थाई संबद्धता प्राप्त हो गई है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा जारी स्थाई संबद्धता की आधिकारिक प्रति मिलने पर महाविद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल छा गया। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामप्रिय राय, प्रबंधक लछिराम सिंह यादव, उप प्रबंधक रविंद्र नाथ यादव तथा प्राचार्य प्रो. श्रीनिवास सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और एक–दूसरे को बधाई व शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि जमानियां स्टेशन बाजार स्थित हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय का प्राचीनतम डिग्री कॉलेज है। इससे पहले महाविद्यालय को बीए, बीएससी तथा एमए हिंदी, भूगोल एवं अर्थशास्त्र विषयों में संबद्धता प्राप्त थी। अब इस सत्र से एमए समाजशास्त्र की अस्थाई संबद्धता को स्थाई रूप दे दिया गया है। महाविद्यालय में वर्तमान में स्नातक स्तर पर बीए में हिंदी, संस्.त, अंग्रेजी,




इतिहास, भूगोल, मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, गृहविज्ञान एवं अर्थशास्त्र विषयों में अध्ययन–अध्यापन होता है। वहीं बीएससी में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस नई उपलब्धि से महाविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा में और वृद्धि हुई है तथा स्थानीय छात्र–छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में और अधिक सुविधा मिलेगी।

# रामनगर कौहन यमुना पुल पर डंपर ने दो नवयुवकों को कुचला, मौत

## - एक की हालत नाजुक, शव सड़क पर रख ग्रामीणों का भारी हंगामा

न्यूज वाणी ब्यूरो
असोथर–फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के रामनगर कौहन स्थित यमुना नदी पुल पर गुरुवार



की देर शाम एक हृदयविदारक सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो होनहार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। इस भीषण दुर्घटना ने न केवल दो परिवारों के चिराग बुझा दिए, बल्कि पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। हादसे की खबर मिलते ही जरौली गांव में चीख–पुकार मच गई और आक्रोशित ग्रामीणों ने शवों को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी और हंगामे का दौर समाचार लिखे जाने तक जारी रहा, जिससे जरौली–कौहन मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। हादसे का शिकार हुए जरौली कटगांव निवासी 18 वर्षीय शिवम सिंह और 22 वर्षीय शनी निषाद अपने साथी 20 वर्षीय बसंता के साथ बाइक पर सवार होकर पड़ोसी जनपद बांदा के मर्का बाजार की ओर जा रहे थे। जैसे ही पास उनकी बाइक यमुना नदी के पुल पर पहुंची, विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात तेज रतार ओवरलोड डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और शिवम व शनी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल बसंता को तत्काल जिला अस्पताल फतेहपुर ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है और डॉक्टर उसे बचाने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। इस घटना ने मृतक शनी निषाद के घर में खुशियों को मातम में बदल दिया है। परिजनों ने रुंधे गले से बताया कि शनी की शादी अभी बीते 21 अप्रैल 2026 को ही हुई थी। घर में अभी शादी की बधाइयां और रस्में पूरी भी नहीं हुई थीं कि सिर से सेहरा उतरने से पहले ही उसकी अर्थी उठ गई। नवविवाहिता पत्नी और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। गांव का माहौल गमगीन है और लोगों में शासन–प्रशासन के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा व्याप्त है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि यह हादसा व्यवस्था की अनदेखी का परिणाम है। लंबे समय से यमुना पुल पर प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं है और पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। रात के अंधेरे में इन गड्ढों के कारण अक्सर वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं और तेज रतार डंपर काल बनकर गुजरते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बार–बार शिकायत के बावजूद न तो सड़क की मरम्मत कराई गई और न ही पुल पर स्ट्रीट लाइट लगवाई गई, जिसके कारण आज दो मासूम जानें चली गईं। हादसे के बाद भड़के आक्रोश को देखते हुए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मौके पर असोथर थाना प्रभारी रमाशंकर सरोज के साथ ही थरियांव, राधानगर और गाजीपुर थाने की फोर्स पहुंच गई है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्राधिकारी थरियांव वीर सिंह और एडिशनल एसपी ज्ञान चंद्र रॉय स्वयं मोर्चा संभाले हुए हैं। प्रदर्शनकारी चुनहा कुआं के पास शवों को रखकर इस बात पर अड़े हैं कि जब तक जिला प्रशासन का कोई बड़ा अधिकारी मौके पर आकर आर्थिक सहायता, सड़क सुधार और आरोपी चालक की गिरतारी का ठोस आश्वासन नहीं देता, तब तक वे जाम नहीं खोलेंगे। पुलिस प्रशासन लगातार वार्ता कर ग्रामीणों को शांत कराने की कोशिश कर रहा है, लेकिन तनावपूर्ण स्थिति बरकरार है।

# असोथर में उड़ रहा सफेद जहर, ओवरलोड डंपरों का आतंक

## - प्रशासन के दावे बेअसर

न्यूज वाणी ब्यूरो
असोथर, फतेहपुर। शासन के सख्त निर्देशों और जीरो टॉलरेंस के दावों के बावजूद असोथर क्षेत्र में ओवरलोड डंपरों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। खंड संख्या 3 व 4 से निकलने वाले बालू लदे डंपर न केवल सड़कों को बर्बाद कर रहे हैं, बल्कि हवा में उड़ती धूल लोगों के लिए सफेद जहर बन चुकी है। दिन–रात मानकों से कई गुना अधिक भार लेकर दौड़ रहे ये वाहन नगर पंचायत के मुख्य मार्गों की हालत बद से बदतर कर चुके हैं। करोड़ों की लागत से बनी सड़कें जगह–जगह गड्ढों में तब्दील हो गई हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सुबह दुकान खोलते ही धूल की मोटी परत जमी मिलती है। ग्राहक आना तो दूर, सांस लेना तक मुश्किल हो गया है। कई बार धूल के कारण सामने कुछ दिखाई नहीं देता, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है, एक दुकानदार ने बताया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भी इस स्थिति को गंभीर बताया है। हवा में घुल रहे सिलिका और पीएम 2.5/10 कण बच्चों में अस्थमा और बुजुर्गों में फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ा रहे हैं। जाम से बिगड़ी स्थिति, आमजन बेहाल हालात उस वक्त और बिगड़ गए जब नगर पंचायत असोथर में मुराईन मुहाल्ले से लेकर गल्ला मंडी व प्रताप नगर झाल तिराहा तक लंबा जाम लग गया। इस जाम में स्कूली बसें, एम्बुलेंस और आम वाहन फंस गए। हालात इतने खराब हो गए कि कई अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूल बसों से उतारकर बाइक से घर ले जाना पड़ा। एम्बुलेंस के फंसे रहने से लोगों में आक्रोश और बढ़ गया। सिस्टम पर उठ रहे सवाल सूत्रों के अनुसार, रात के समय खनन खंडों से निकलने वाले ओवरलोड वाहनों पर कोई प्रभावी रोक नहीं है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस और परिवहन विभाग की अनदेखी के चलते ही यह अवैध संचालन जारी है, जिससे प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। किसान यूनियन ने दी आंदोलन की चेतावनी किसान यूनियन असोथर ब्लॉक अध्यक्ष ने




भी इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि यदि जल्द ही हालात में सुधार नहीं हुआ, तो किसानों और स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। आंदोलन की तैयारी क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। उनका कहना है कि यदि ओवरलोडिंग पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई और सड़कों पर पानी का छिड़काव शुरू नहीं हुआ, तो वे चक्का जाम कर घेराव करेंगे।

# साहित्य समागम में तीन साहित्यकारों की कृतियों का लोकार्पण

न्यूज वाणी ब्यूरो
लखनऊ। साहित्यिक संस्था श्अमृतायनश के तत्वावधान में आज यू.पी. प्रेस क्लब के सभागार में आयोजित साहित्य समागम में तीन साहित्यकारों की कृतियों के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ. राम सागर यादव, राम बहादुर मिश्र, डॉ. शिव भजन कमलेश और पं. आदित्य द्विवेदी ने नवगीतकार डॉ. अशोक अज्ञानी की कृति लौट आओ फिर परिन्दों (गीत – नवगीत संग्रह), वरिष्ठ साहित्यकार रामशंकर वर्मा की कृति कटे अँधेरी रात (दोहा संग्रह) तथा गीतकार पुष्पेन्द्र श्प्रेमीश की कृति तुम भी पत्थर हो जाओगे (गीत संग्रह) का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा ने कटे अँधेरी रात दोहा कृति पर अपने विचार रखते हुए कहा कि आज साहित्य के समक्ष नयी चुनौतियाँ है, जिन्हें स्वीकार करना होगा। पुष्पेन्द्र प्रेमी के गीत संग्रह तुम भी पत्थर हो जाओगे को आधार बनाते हुए श्रेष्ठ साहित्यकार राम शंकर वर्मा ने कहा कि हिन्दी की गीत विधा अपने पूर्ण उत्कर्ष पर है, जिसे इस कृति में देखा जा सकता है। कवि डॉ. अशोक अज्ञानी के गीत नवगीत संग्रह लौट आओ फिर परिन्दों पर बोलते हुए शिव भजन कमलेश ने कहा कि श्अज्ञानीश जी के नवगीत राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। डॉ. राम सागर यादव ने अमृतायन संस्था के सकारात्मक कार्यों को रेखांकित किया। रामबहादुर मिश्र ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में वर्तमान साहित्यिक परिदृश्य की सराहना की। साहित्यिक समारोह के अगले क्रम में लोक गायिका डॉ. रंजना अग्रहरि ने अपनी खनकती हुई आवाज में तीनो कृतियों की चयनित तीन रचनाओं को सस्वर सुनाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर केवल प्रसाद सत्यम, कुमार तरल, डॉ. अरविन्द झा, दिनेश तिवारी अचलेश सिंह, संदीप यादव सहित अन्य साहित्यकार और साहित्यसुधी श्रोता उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन कवि सूर्यप्रकाश सूरज तथा संचालन राजेन्द्र विश्वकर्मा ने किया।

# जायंट्स ग्रुप ऑफ सहेली ने श्रमिकों का किया सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की पूर्व संध्या पर जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली द्वारा लायन सफारी रोड पर कार्यरत श्रमिकों का सम्मान करते हुए उन्हें अंग वस्त्र एवं खाद्य सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के माध्यम से श्रमिकों के योगदान को सराहा गया और उनके अधिकारों एवं सम्मान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि मजदूर दिवस मेहनतकशों के संघर्ष और योगदान को समर्पित है। देश के विकास में श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और



उनकी मेहनत ही समाज और राष्ट्र के भविष्य को संवारती है। उन्होंने बताया कि मजदूर दिवस की शुरुआत वर्ष 1886 में अमेरिका में 8 घंटे कार्य दिवस की मांग को लेकर हुए आंदोलन से हुई थी, जबकि भारत में इसे पहली बार 1 मई 1923 को मद्रास में मनाया गया। कार्यक्रम के तहत बाल श्रम विरोधी दिवस के अवसर पर एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें बाल श्रम रोकने और बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया गया। अभिभावकों को प्रेरित किया गया कि वे अपने बच्चों से मजदूरी न कराकर उन्हें शिक्षा दिलाएं, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर क्षमा दीक्षित, अध्यक्ष विमल शर्मा, प्रशासनिक निदेशक हेनू वर्मा, वित्त निदेशक रीना राठौर, उर्वशी द्विवेदी, कमलेश शर्मा, संध्या अग्रवाल, रूपाली अग्रवाल, मनोरमा पोरवाल, मालती दीक्षित, निशा गुप्ता, शारदा दीक्षित, रचना महेश्वरी एवं पवन अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# भागवत कथा में उमड़ा जनसैलाब, वाणी में बही भक्ति रसधारा

न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। ग्राम खुड़ीसर में 25 अप्रैल से चल रही श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। वृंदावन स्थित गोरे



दाऊजी धाम से पधारे कथा वाचक रामजी द्विवेदी महाराज के मुखारविंद से बह रही भक्ति रसधारा में हजारों भागवत प्रेमी भावविभोर होकर डूबकी लगा रहे हैं। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा कथा वाचक का पगड़ी पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कथा के दौरान महाराज ने भगवान श्री.ष्ण की बाल लीलाओं का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि नंदगांव में भगवान के जन्म से अपार हर्ष छा गया और चारों ओर आनंद की वर्षा हुई। उन्होंने भक्ति गीत सखि चलो नंद के द्वार, नंदलाला के दर्शन कर आवें के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति भाव में सराबोर कर दिया। महाराज ने बताया कि भगवान श्री.ष्ण के नामकरण के समय गर्गाचार्य भी उनके दिव्य स्वरूप से अभिभूत हो गए थे। बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उन्होंने मैया मैं तो चंद्र खिलौना लेहूं जैसे प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला वरिष्ठ महामंत्री हरिगोपाल शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष व शहर अध्यक्ष ओमरतन कश्यप, युवा जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत कुमार पांडे, जिला उपाध्यक्ष राजीव पाल, बटेश्वरी दयाल प्रजापति, युवा शहर अध्यक्ष मुकेश कुमार दुबे, जिला संगठन मंत्री रमेश जैन, शहर उपाध्यक्ष बच्चू मिश्रा, प्रांतीय सदस्य राहुल चौहान सहित कई पदाधिकारियों ने कथा में सहभागिता कर कथा वाचक का सम्मान किया। श्रीमद् भागवत कथा के परीक्षित श्रीमती बच्चे दुबे एवं आयोजक श्रीमती शैली दुबे व अवधेश दुबे ने समस्त श्रद्धालुओं से 2 मई को आयोजित होने वाले विशाल भंडारे में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। कथा को सफल बनाने में सुरेश बाबू दुबे, बृजेश कुमार दुबे, कुणाल दुबे, विनीत दुबे, सुनील दुबे, कृष्णा मिश्रा सहित कई लोगों का सराहनीय सहयोग रहा।

# विधायक ने मजदूर दिवस कार्यक्रम का किया शुभारंभ

## – बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक रंग

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा लुहन्ना चौराहे के पास स्थित ई–श्रम कार्डधारक मजदूरों के स्कूल विहान बालिका विद्यालय में भव्य सांस्.तिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक सरिता भदौरिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत सहित विभिन्न सांस्.तिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर अटल आवासीय योजना में चयनित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही श्रमिकों के हित में कार्य करने के लिए उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित को भी सम्मानित किया गया। असिस्टेंट लेबर कमिश्नर कुलदीप कुमार सिंह ने सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी और अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, टीटू चौहान, उद्योग मंच के जिला महामंत्री राहुल दीक्षित सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



# जल सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं : डा. अनुराग

## – बुद्ध पूर्णिमा पर रेडक्रास सोसाइटी ने रेलवे स्टेशन में यात्रियों को बांटा जल

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। बुद्ध पूर्णिमा पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी कार्यकारी चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने रेलवे स्टेशन में चिलचिलाती गर्मी को देखते हुए यात्री गाड़ियों के जनरल डिब्बे में बैठे यात्रियों की प्यास बुझाने के लिए अपने सहयोगियों के साथ शीतल जल



वितरित किया। डॉ अनुराग ने कहा कि जल सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है और इस कड़क धूप में एक बार भोजन न मिले चल सकता है पर पानी बहुत आवश्यक है। इसके तहत लम्बी दूरी की यात्री गाड़ियों में यात्रियों को पानी तो गिलास में पिलाया ही गया साथ ही उनकी बोतलों में भरकर दिया गया। सभी सहयोगियों ने बड़े ही प्रेमभाव से जनरल कोच में अंदर प्रवेश कर सभी को जल पिलाया। सभी यात्री डॉ अनुराग व उनके सहयोगियों द्वारा किये जा रहे कार्य की सराहना करने के साथ आशीर्वाद भी प्रदान कर रहे थे। डॉ अनुराग ने यह भी बताया कि इस भीषण गर्मी को देखते हुए यह सेवा अभी आगे भी जारी रहेगी। सभी के द्वारा 5004 चौरी चौरा एक्सप्रेस, 14118 कालिंदी एक्सप्रेस, 15483 महानंदा एक्सप्रेस, 20433 जम्मू मेल व प्लेटफार्म में प्रतीक्षारत यात्रियों को भी शीतल जल प्रदान किया गया। शीतल जल वितरण सेवा से पूर्व सभी सदस्यों ने महात्मा बुद्ध की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सहयोगी सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, केके सिंह, रामप्रकाश मौर्य, शैलेंद्र सिंह भदौरिया, प्रवीण अवस्थी एडवोकेट, सुरेश श्रीवास्तव, उमेश कुमार श्रीवास्तव, अमिनव श्रीवास्तव, चैतन्य कुमार, अतुल कुमार गुप्ता सहित जयनाथ यादव, स्टेशन अधीक्षक, पुनीत कुमार सीसीटीसी व आरपीएफ के जवान उपस्थित रहे।

# हिंदू महासभा ने न्यूनतम मजदूरी पांच सौ रुपए करने की उठाई मांग

## – 28 मई को धूमधाम से मनाएंगे वीर सावरकर की जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। अखिल भारत हिंदू महासभा जिला इकाई की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से श्रमिक दिवस पर सभी श्रमिकों को बधाई देते हुए देश की मोदी सरकार से श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी प्रतिदिन 500 करने की मांग उठाई।



बैठक में संगठन की सक्रिय एवं समर्पित महिला कार्यकर्ता सुधा सिंह को महिला शाखा का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने कहा कि नौ मई को वीर शिरोमणि, अकबर की कभी दास्ता न स्वीकार करने वाले महाराणा प्रताप की जयंती तथा हिंदू हृदय सम्राट हिंदू महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सावरकर की जयंती 28 मई को धूमधाम से मनाई जाएगी दोनों महापुरुषों की वीरगाथाओं को आम जनमानस तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी गजेंद्र मौर्य, स्वामी राम आसरे आर्य, करण सिंह पटेल, डॉ प्रमोद पांडेय, संतोष नेता, अर्जुन वैद्य, मुकेश कुमार, रत्नदीप शुक्ला, दीपक यादव, राज शर्मा, श्रवण कुमार, गौरी शंकर दुबे, महिला जिलाध्यक्ष संगीता गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, ओमलता आदि उपस्थित रहे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं.1220262027** — **दिनांक : 28.04.2026**

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **22.05.2026** को **13:30 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :-

**निविदा नं.:** 41, **कार्यों का विवरण:** सहायक मण्डल इंजीनियर / उत्तर मध्य रेलवे / नैनी के अधीन वरि0 खण्ड इंजी0 /कार्य /मानिकपुर के सेक्शन मे लिंक जंक्शन छोड़कर से मानिकपुर तक कार्यावधि 30.06.2027 हेतु वार्षिक सिविल मेन्टीनेन्स जोन और वार्षिक बागवानी की रख-रखाव का कार्य।

**अनुमानित मूल्य (रू.):** 2,44,99,999.33 | **बयाने की रकम (रु.):** 4,90,000/-

**कार्य समापन की अवधि:** 12 माह, **निविदा खुलने की तिथि:** 22.05.2026, **सिमिलर कार्य के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार:** सिविल इंजीनियरिंग का कोई कार्य।

**निविदा नं.:** 42, **कार्यों का विवरण:** सहायक मण्डल इंजीनियर /उत्तर मध्य रेलवे / नैनी के अधीन वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता / रेलपथ / मानिकपुर / शंकरगढ और नैनी-2 के सम्भाग में कार्यावधि 30.06.2027 विविध रेल पथ जोनल कार्य।

**अनुमानित मूल्य (रू.):** 1,21,00,000/- | **बयाने की रकम (रु.):** 2,42,000/-

**कार्य समापन की अवधि:** 12 माह, **निविदा खुलने की तिथि:** 22.05.2026, **सिमिलर कार्य के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार:** कोई रेल पथ कार्य।

**नोट:** 1. आनलाइन निविदा खुलने की तिथि को **13:30 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2. उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर समय **13:30 बजे** तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि तक उपलब्ध है। **939/26 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


# रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने किया धरना-प्रदर्शन

## – पंद्रह सूत्रीय मांगो को उठाया, निस्तारण की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद लखनऊ के आहवान पर शुक्रवार को रोडवेज कर्मचारियों ने डिपो कार्यशाला प्रांगण में एक दिवसीय धरना–प्रदर्शन किया। जिसमें पंद्रह सूत्रीय मांगे उठाई गई और शासन व विभागीय अधिकारियों से निस्तारण की मांग की गई। धरना–प्रदर्शन व आम सभा की अध्यक्षता पूर्व प्रांतीय उप महामंत्री वीएस बाजपेई व संचालन शाखा अध्यक्ष जयचन्द्र प्रकाश ने किया। आम सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डिपो के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर काफी समय से आवाज उठाते चले आ रहे हैं लेकिन उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। वक्ताओं ने मांग किया कि डग्गामार वाहनों के संचालन पर रोक लगाई जाए, लंबी दूरी के मार्गों पर हाई एण्ड लग्जरी बसें निगम द्वारा संचालित की जाएं, निर्धारित वर्तमान अतिरिक्त कर की दरों में विद्यमान असमानता समाप्त की जाए, एक्सप्रेसवेज व हाईवेज को राष्ट्रीयकृत मार्ग घोषित किया जाए। इसके अलावा अन्य



मांगे भी शामिल रहीं। वक्ताओं ने शासन व विभागीय अधिकारियों से सभी मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। इस मौके पर शांतिभूषण मिश्रा, राजवीर सिंह, राकेश कुमार, रोशनलाल, दिनेश कुमार, संजय शुक्ला, विजय यादव, रामू तिवारी, रवी सिंह चौहान, विनोद कुमार, महेन्द्र कुमार, संजय पाल, अनीस सिंह, महेश तिवारी, प्रदीप, आलोक गौतम, राजेन्द्र तिवारी भी मौजूद रहे।

# अगरबत्ती निर्माण इकाई का शुभारंभ, युवाओं को मिलेगा रोजगार

## – छोटे उद्योग ही बनेंगे आत्मनिर्भर भारत की ताकत : सुनील

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। शहर के भिखारीपुर–देवीगंज क्षेत्र में शुक्रवार को प्रा.तिक एवं पर्यावरण



अनुकूल उत्पादों के क्षेत्र में एक नई पहल के रूप में त्रिपाठी नेचूरल्स के प्रतिष्ठान व अगरबत्ती निर्माण इकाई का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभासद सुनील गुप्ता ने विधिवत फीता काटकर प्रतिष्ठान का उदघाटन किया। उदघाटन के बाद उन्होंने नई अगरबत्ती निर्माण इकाई का अवलोकन किया और संस्थान की इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना की। मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्तमान समय में स्थानीय स्तर पर स्थापित होने वाले छोटे एवं मध्यम उद्योग ही युवाओं को स्वरोजगार देने का सबसे मजबूत माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि त्रिपाठी नेचूरल्स न सिर्फ प्राकृतिक और शुद्ध उत्पाद उपलब्ध कराएगा, बल्कि जिले में रोजगार सृजन की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। संस्थान प्रबंधन ने बताया कि आने वाले समय में अगरबत्ती के साथ–साथ अन्य घरेलू उपयोग के प्रा.तिक उत्पाद भी बाजार में उतारे जाएंगे, जिससे जिले का नाम गुणवत्ता आधारित उत्पाद निर्माण में स्थापित हो सके। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के स्वदेशी और प्रा.तिक उद्योगों की शुरुआत से स्थानीय बाजार को नई पहचान मिलेगी। देवीगंज–हरिहरगंज क्षेत्र फतेहपुर नगर के सक्रिय व्यावसायिक हिस्सों में गिना जाता है, जहां नए प्रतिष्ठानों की स्थापना लगातार बढ़ रही है। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, शुभचिंतकों एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सहायक श्रमायुक्त ने सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र का किया शुभारंभ

## – बाल श्रमिकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। विश्व मजदूर दिवस अवसर पर नेहरू युवा संगठन टीसी के तत्वाधान में बाल श्रमिकों की दक्षता विकास हेतु निःशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ पुराना एनवाईएसटी कार्यालय अरबपुर में मुख्य अतिथि श्रम विभाग के सहायक श्रमायुक्त लालाराम ने फीता काटकर किया। सहायक श्रमायुक्त ने प्रशिक्षार्थियों के मध्य कहा कि अभी पूरे जिले में विभाग ने एक सर्वेक्षण कराया है। जिसमें 153 बाल श्रमिक का चिन्हीकरण किया गया। जिनको शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ना व दक्षता विकास के कार्यक्रमों के जोड़कर सशक्त बनाया जाना है। नेहरू युवा संगठन टीसी ने यह काम पहले से करना शुरू कर दिया है, जो सराहनीय है। प्रशिक्षण केंद्र के लिए विभाग हर सम्भव प्रयास करेगा। इसी क्रम में संचालक संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि यह अतिवंचित समुदाय के बाल श्रमिकों की दक्षता विकास हेतु निःशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र संस्था द्वारा संचालित किया जा रहा जिससे इन बाल श्रमिकों का स्वालंबन हेतु दक्ष करके रोजगार से जोड़ा जाए। जिससे वह अपना और परिवार का बेहतर जीवन जीने में सहायक हो सके। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति



के सदस्यगण राम .ष्ण पांडेय व अपर्णा पांडेय ने प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण केंद्र सरकार की मिशन शक्ति कार्यक्रम को शक्ति दे रहा है। जिसका उद्देश्य सुरक्षा, सामना व स्वालंबन है। संस्था के कार्यक्रम उसी की तरफ अग्रसर है। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्प लाइन की जिला समन्वयक, नीरू पाठक, काउंसलर अंकित जायसवाल, निखार संस्थान की डॉ माधुरी साहू, आयोजक संस्था के प्रतिनिधि रमेशचंद्र गुप्ता, सुधांशु द्विवेदी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

# धूमधाम से मना भगवान गौतम बुद्ध का जन्मोत्सव

## – बुद्ध पार्क में गूंजा जय भीम-जय बुद्ध

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। शुक्रवार को भगवान गौतम बुद्ध के करुणा, शांति और मानवता के संदेश से



सराबोर नजर आया। कलेक्ट्रेट स्थित बुद्ध पार्क में डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर मिशन भारत के तत्वाधान में भगवान गौतम बुद्ध का 2589 वां जन्मोत्सव श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता के वातावरण में मनाया गया। अनुयायियों ने बुद्ध प्रतिमा के समक्ष दीप व कैंडल जलाकर प्रार्थना की, मानव कल्याण का संकल्प लिया और बाद में निकली भव्य शोभायात्रा ने पूरे शहर में जय भीम–जय बुद्धम् के नारों से माहौल गुंजायमान कर दिया। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बुद्ध पार्क उस समय आस्था और सामाजिक चेतना का केंद्र बन गया जब डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर मिशन भारत के तत्वाधान में भगवान गौतम बुद्ध का 2589 वां जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से पहुंचे बौद्ध अनुयायियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और मिशन से जुड़े पदाधिकारियों ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर पुष्प अर्पित किए तथा शांति, प्रेम, समता और मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध केवल एक धर्मगुरु नहीं बल्कि विश्व मानवता के महान पथ प्रदर्शक थे। उन्होंने समाज में व्याप्त ऊंच–नीच, छुआछूत, भेदभाव और अंधविश्वास जैसी कुरीतियों के विरुद्ध धार्मिक एवं सामाजिक क्रांति का बिगुल फूंका। उनके विचारों ने मानव को मानव से जोड़ने का काम किया और करुणा, मैत्री तथा अहिंसा का जो संदेश उन्होंने दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। कार्यक्रम में मौजूद अनुयायियों ने बुद्ध वंदना कर समाज में आपसी भाईचारा बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिखाए गए संवैधानिक मार्ग पर चलने की भी शपथ ली। बुद्ध पार्क परिसर जय भीम, जय बुद्धम् और नमो बुद्धाय के नारों से देर तक गूंजता रहा। इस अवसर पर डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर मिशन भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बौद्धप्रिय गौतम, राष्ट्रीय महासचिव सकठूराम मयंक, रमेश बौद्ध, अतुल कुमार, बाबूराम गौतम, शकुंतला बौद्ध, सावित्री बौद्ध, सिया दुलारी, कामिनी, प्रशांत प्रिय गौतम, बृजेंद्र कुमार, मुन्ना शेख, भैरव प्रसाद, अनिल बाबू, राम अवतार, छोटेलाल, रमेश गौतम, शिवकुमार गौतम, सोहनलाल गौतम, बृजेंद्र गौतम सहित बड़ी संख्या में अनुयायी मौजूद रहे।

### शहर के प्रमुख मार्गो से निकली भव्य शोभा यात्रा

समारोह के बाद भगवान गौतम बुद्ध के संदेशों से सुसज्जित बैनर, झंडे और जयघोष के साथ शहर के प्रमुख मार्गों पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। अनुयायी पारंपरिक वेशभूषा में बुद्ध वंदना करते हुए चल रहे थे, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक और उत्सवी दिखाई दे रहा था। शोभा यात्रा का जगह–जगह सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों द्वारा स्वागत किया गया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए मार्ग में कई स्थानों पर शरबत, ठंडा पानी और अन्य पेय पदार्थों का वितरण किया गया। राहगीरों ने भी यात्रा को नमन किया और भगवान बुद्ध के बताए शांति, सद्भाव और समानता के संदेश की सराहना की।

# नाले में मिला युवक का शव इलाके में फैली सनसनी

## – मृतक का कराया जा रहा पोस्टमार्टम

न्यूज वाणी ब्यूरो
बहराइच। थाना रुपईडीहा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गंगापुर मोहनपुर के पास स्थित एक गहरे गड्ढे में युवक का शो मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सतगुरु सोनकर पुत्र मधुरा निवासी रमजान गांव दाखिला आह्लाद गांव उम्र 45 वर्ष के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत ने बताया ग्रामीणों द्वारा दूरभाष पर सूचना दिया गया। गड्ढे में शव पड़ा हुआ है। थाना प्रभारी रुपईडीहा में हमराही पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। जिसमें युवक की पहचान हुई एवं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अत्यंत परीक्षण के लिए शव गृह भेज दिया है एवं आगे की वैधानिक कार्यवाही में जुटी हुई।

# बाइक से घर जा रहे ड्राइवर की अज्ञात वाहन से टकराकर मौत

## – मृतक के शव का कराया पोस्टमार्टम

न्यूज वाणी ब्यूरो
बहराइच। थाना रुपईडीहा क्षेत्र अंतर्गत तुलसीपुर (प्रेमनगर) निवासी सोनू सोनकर पुत्र बंशीधर उम्र 28 जो पेसे से चार पहिया वाहन का ड्राइवर था। बीती रात्रि बाबागंज कासिम टायर वाले की गाड़ी चलाता था। बीती रात को गाड़ी खड़ी कर मोटरसाइकिल से मृतक अपने घर तुलसीपुर जा रहा था। तभी भवानियापुर के पास बीती देर रात को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अत्यंत परीक्षण के लिए शव गृह भेज दिया है एवं आगे की विधिक कार्यवाही में जुटी हुई।

# बुद्ध पूर्णिमा पर हुआ भंडारे का आयोजन



न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। संयुक्त सामाजिक एकता मंच सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों की मांग पर विगत नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में शंकर गोदाम के पास स्थित चौराहे का नाम गौतम बुद्ध के नाम से पास किए जाने पर आज बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर अनुयायियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने बुद्ध जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए नगर पालिका परिषद बोर्ड को धन्यवाद ज्ञापित किया और अपेक्षा किया कि जल्द से जल्द इस चौराहे का सुंदरीकरण करके बुद्ध प्रतिमा स्थापित की जाए। इस मौके पर प्रमुख रूप से चेयरमैन राजकुमार मौर्य, बुद्ध उपासक भानूप्रकाश, डा अमित पाल, दिलीप पासवान, राजेश पाटिल, चंद्रभान यादव, अश्वनी यादव, फूल सिंह लोधी, बबलू पाल, दिलीप पाल, विनोद गौतम, रमेश बौद्ध, मुकेश, आदि लोग उपस्थित रहे।


**सूबेदारगंज–खातीपुरा ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी सं. **04129/04130** सूबेदारगंज-खातीपुरा ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी सं. 04129/04130 सूबेदारगंज-खातीपुरा (सप्ताह में 03 दिन) ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी**

| 04129 सूबेदारगंज-खातीपुरा | | | 04130 खातीपुरा-सूबेदारगंज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| रवि.,मंगल.,शुक्र. | 21:00 | सूबेदारगंज | 11:00 | मंगल.,गुरू.,रवि. |
| 22:15 | 22:17 | फतेहपुर | 08:28 | 08:30 |
| 00:10 | 00:15 | गोविंदपुरी | 07:10 | 07:15 |
| 02:00 | 02:02 | इटावा | 04:13 | 04:15 |
| 04:00 | 04:05 | टूण्डला | 02:10 | 02:15 |
| 04:55 | 05:00 | ईदगाह | 23:50 | 23:55 |
| 06:00 | 06:02 | भरतपुर | 22:18 | 22:20 |
| 08:10 | 08:12 | बाँदीकुई | 19:48 | 19:50 |
| 08:35 | 08:37 | दौसा | 19:02 | 19:04 |
| 09:40 | सोम.,बुध.,शनि. | खातीपुरा | सोम.,बुध.,शनि. | 18:30 |

**सूबेदारगंज से-** गाड़ी सं. **04129** प्रत्येक रविवार, मंगलवार एवं शुक्रवार दिनांक- **03.05.2026** से **07.06.2026** तथा **खातीपुरा से-** गाड़ी सं. **04130** प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार दिनांक- **04.05.2026** से **08.06.2026** **संरचना:** सामान्य श्रेणी-04, स्लीपर श्रेणी-05, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-06, इकोनॉमी कोच-02, वातनुकूलित द्वितीय श्रेणी-02

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

**उत्तर मध्य रेलवे**

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 964/26 FA



**न्यूज़ वाणी**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध

समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि

09451548620, 9451180488

# रेप के आरोपी के मददगार भाजपा नेता पर मुकदमा दर्ज

## - फरार दरिंदे की पैरवी पड़ी भारी, पुलिस ने हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ
## - सरकारी जमीन पर चला बुलडोजर, एक लाख के इनामी की कई राज्यों में तलाश

न्यूज वाणी ब्यूरो
खागा, फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र में मंगेतर के सामने युवती से सामूहिक दुष्कर्म और हैवानियत के सनसनीखेज मामले में अब पुलिस ने फरार चल रहे मुख्य आरोपी बबलू सिंगरौर के मददगारों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। आरोपी को फरारी दिलाने और पुलिस गिरफ्त से बचाने के आरोप में भाजपा नेता जुगेश सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। खागा कोतवाली में तैनात दरोगा जय प्रकाश सिंह की तहरीर पर दर्ज रिपोर्ट में जुगेश सिंह पर आरोप है कि उसने बबलू सिंगरौर को भागने में मदद करने के इरादे से दस हजार रुपये ऑनलाइन उपलब्ध कराए। पुलिस ने मामले को गंभीर मानते हुए भाजपा नेता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि दुष्कर्म कांड के बाद जब पुलिस मुख्य आरोपी बबलू सिंगरौर की तलाश में दबिश दे रही थी। उसी दौरान उसे सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने और फरारी के दौरान खर्च के लिए भाजपा नेता जुगेश सिंह ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए दस हजार रुपये भेजे। पुलिस को इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और बैंकिंग ट्रेल मिलने के बाद इस कड़ी की पुष्टि हुई। इसके बाद दरोगा जय प्रकाश सिंह की ओर से मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई। सूत्रों के मुताबिक पुलिस यह भी खंगाल रही है कि फरार आरोपी को राजनीतिक संरक्षण देने वाले और कौन–कौन लोग हैं। कॉल डिटेल, बैंक खातों और मोबाइल लोकेशन के जरिए पुलिस फरारी नेटवर्क की पूरी चेन खंगालने में जुटी है। मुख्य आरोपी बबलू सिंगरौर की गिरफ्तारी में नाकाम पुलिस और प्रशासन ने उसके आर्थिक व रसूख तंत्र पर चोट करते हुए बड़ी बुलडोजर कार्रवाई की। खागा तहसील के मौजा बहादुरपुर स्थित गाटा संख्या 2067 की चारागाह यानी सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को प्रशासन ने ध्वस्त करा दिया। एसडीएम खागा, राजस्व विभाग की टीम और भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में देर शाम



तक चली कार्रवाई के दौरान अवैध निर्माण, बाउंड्री और कब्जे के चिन्ह मिट्टी में मिला दिए गए। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह जमीन सरकारी चारागाह श्रेणी में दर्ज थी, जिस पर आरोपी ने दबंगई के बल पर कब्जा जमा रखा था।

### एक लाख का इनामी, यूपी से बाहर भी दबिश

मामले की गंभीरता और बढ़ते जनाक्रोश को देखते हुए फरार आरोपी बबलू सिंगरौर पर घोषित इनाम की राशि बढ़ाकर अब एक लाख रुपये कर दी गई है। एडीजी प्रयागराज जोन के निर्देश के बाद सात से अधिक पुलिस टीमें उत्तर प्रदेश के साथ–साथ मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली तक संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस को आशंका है कि आरोपी पहचान छिपाकर राजनीतिक संपर्कों और नजदीकी रिश्तेदारों की मदद से लगातार ठिकाना बदल रहा है। एसओजी, सर्विलांस और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमें बैंक खातों, मोबाइल सिम, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी लोकेशन ट्रेस करने में लगी हैं।

### मंगेतर के सामने तीन घंटे तक बरपाया था कहर

गौरतलब है कि बीते दिनों खागा कोतवाली क्षेत्र में युवती अपने मंगेतर के साथ रिश्तेदारी जा रही थी, तभी रास्ते में मुख्य आरोपी बबलू सिंगरौर, ललित और युवराज ने दोनों को रोक लिया। मंगेतर को बंधक बनाकर पीटा गया और उसके सामने युवती से घंटों तक दुष्कर्म किया गया। आरोपियों ने घटना का वीडियो बनाया, धमकाया और पीड़ित पक्ष से ऑनलाइन रुपये भी ट्रांसफर कराए थे। इस मामले में दो आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं जबकि बबलू अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है।

### राजनीतिक गलियारों में मचा हड़कंप

भाजपा नेता पर मुकदमा दर्ज होने और गिरतारी की कार्रवाई के बाद जिले की सियासत में भी भूचाल आ गया है। विपक्ष पहले से ही भाजपा पर आरोपी को संरक्षण देने के आरोप लगा रहा था। अब भाजपा पदाधिकारी के खिलाफ सीधे पुलिस कार्रवाई होने से पार्टी संगठन असहज स्थिति में आ गया है। अंदरखाने यह चर्चा भी तेज है कि पुलिस जल्द ही उन चेहरों को भी बेनकाब कर सकती है जिन्होंने आरोपी को बचाने की कोशिश की।

### बचेगा नहीं कोई मददगार : एसपी

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक का कहना है कि दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध के आरोपी को संरक्षण देने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वह राजनीतिक रसूख वाला हो या स्थानीय दबंग, फरारी में मदद, आर्थिक सहयोग या साक्ष्य छिपाने की हर कड़ी पर सख्त कार्रवाई होगी।

## ट्रैफिक पुलिस का डंडा, हेलमेट-सीट बेल्ट भूलने वालों के कटे चालान

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम कसने के लिए शुक्रवार को यातायात पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आई। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन और



क्षेत्राधिकारी यातायात प्रगति यादव के पर्यवेक्षण में शहर से लेकर खागा और बिंदकी कस्बे तक व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। प्रभारी यातायात निरीक्षक केशरी प्रसाद यादव के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम ने प्रमुख चौराहों, बाजारों और व्यस्त मार्गों पर दोपहिया व चार पहिया वाहनों की सघन जांच की। अभियान के दौरान बिना हेलमेट फर्राटा भर रहे बाइक सवार, बिना सीट बेल्ट कार चालक, गलत दिशा में वाहन दौड़ाने वाले, बिना नंबर प्लेट लगे वाहन और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को रोककर चालान काटे गए। अचानक चली इस कार्रवाई से शहर के कई मार्गों पर वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति रही। यातायात पुलिस ने एक–एक वाहन की बारीकी से जांच की और नियमों की अनदेखी करने वालों को सख्त हिदायत दी। कई वाहन चालकों को मौके पर ही समझाइश देते हुए बताया गया कि छोटी सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। यातायात निरीक्षक केशरी प्रसाद यादव ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हेलमेट और सीट बेल्ट केवल चालान से बचने का माध्यम नहीं बल्कि जीवन रक्षा का सबसे बड़ा सुरक्षा कवच हैं। उन्होंने कहा कि जिले में यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। चेकिंग के साथ–साथ यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को जागरूक भी किया। पुलिस कर्मियों ने लोगों से अपील की कि यातायात नियमों का पालन करें, निर्धारित दिशा में वाहन चलाएं, नंबर प्लेट सही रखें और सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

# अब एसपी खुद सुनेंगे फरियाद, थानों में पहुंचकर जनता से सीधा संवाद

### - सदर कोतवाली में उमड़ी शिकायतों की भीड़
### - हर फरियादी को मिले न्याय, लापरवाही पर होगी कार्रवाई : अभिमन्यु

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। पुलिस और जनता के बीच बढ़ती दूरी को कम करने तथा फरियादियों को मुख्यालय के चक्कर से राहत देने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बड़ा कदम उठाया है। अब जिले के अलग–अलग थानों में तय तिथियों पर स्वयं पहुंचकर वह आमजन की समस्याएं सुनेंगे। इस नई व्यवस्था की शुरुआत शुक्रवार को शहर कोतवाली से हुई, जहां एसपी के पहुंचते ही फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी और घंटों तक शिकायतों का सिलसिला चलता रहा। कोतवाली परिसर में सुबह से ही जमीन विवाद, मारपीट, घरेलू कलह, अवैध कब्जा, रास्ते के झगड़े, दबंगई, लंबित मुकदमों और पुलिस कार्रवाई में देरी जैसी समस्याएं लेकर लोग पहुंचने लगे थे। पुलिस अधीक्षक ने कुर्सी पर बैठकर औपचारिकता निभाने के बजाय एक–एक शिकायतकर्ता को सामने बुलाया, पूरी बात सुनी और संबंधित अधिकारियों से तत्काल जवाब तलब किया। कई मामलों में मौके पर ही सख्त निर्देश दिए गए तो कुछ प्रकरणों में जिम्मेदारों को समयसीमा तय कर निस्तारण का आदेश दिया गया। जनसुनवाई के दौरान एसपी का रुख पूरी तरह सख्त दिखाई दिया। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों से साफ कहा कि फरियादी को थाने से टरकाने या उसे बार–बार चक्कर लगवाने की प्रवृत्ति अब नहीं चलेगी। हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण होना चाहिए। यदि किसी मामले में पीड़ित पक्ष को न्याय नहीं मिला या अनावश्यक दौड़ाया गया तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय होगी। एसपी ने कहा कि पुलिस की वर्दी का मतलब सिर्फ कानून व्यवस्था संभालना नहीं, बल्कि पीड़ित की आवाज सुनना और उसे राहत देना भी है। उन्होंने मौजूद क्षेत्राधिकारियों, प्रभारी निरीक्षकों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में



पूर्ण संवेदनशीलता, पारदर्शिता और मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए। किसी भी फरियादी के साथ उपेक्षा का व्यवहार विभाग की छवि खराब करता है, जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शहर कोतवाली में हुई पहली जनसुनवाई के दौरान फरियादियों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं। कई लोगों ने पुलिस कार्रवाई में देरी, विवेचना लंबित रहने और दबंगों के खिलाफ सुनवाई न होने की शिकायत की। एसपी ने संबंधित प्रभारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि जनता न्याय की उम्मीद लेकर आती है, इसलिए उसकी शिकायत फाइलों में दबनी नहीं चाहिए बल्कि जमीन पर समाधान दिखना चाहिए। एसपी की इस पहल ने एक बात साफ कर दी है कि अब फरियाद अनसुनी नहीं रहेगी, पुलिस कप्तान खुद चौखट पर पहुंचकर जनता की आवाज सुनेंगे।

# सदर कोतवाली पहुंचे एसपी, अभिलेखों से हवालात तक खंगाली व्यवस्था

### – लंबित विवेचनाओं पर जताई नाराजगी, समयबद्ध निस्तारण के दिए सख्त निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। जिले की पुलिसिंग को चुस्त–दुरुस्त करने में जुटे



पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने शुक्रवार को अचानक शहर कोतवाली पहुंचकर थाना व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। एसपी के तेवर उस समय और सख्त दिखे जब अभिलेखों के रखरखाव, लंबित प्रकरणों और विवेचनाओं की धीमी प्रगति पर उन्होंने जिम्मेदारों से जवाब–तलब किया। थाना परिसर की साफ–सफाई से लेकर मालखाना, हवालात, कार्यालय अभिलेख, सीसीटीएनएस कक्ष और फरियादियों से जुड़े रिकॉर्ड तक हर बिंदु पर बारीकी से पड़ताल की गई। थाना कोतवाली के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले थाना परिसर की समग्र व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मालखाना में रखे मुकदमाती माल की स्थिति देखी, हवालात की सुरक्षा व्यवस्था परखी तथा कार्यालय में संधारित रजिस्टरों और अभिलेखों का मिलान कराया। निरीक्षण के दौरान कई बिंदुओं पर उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव और अद्यतन प्रविष्टियों को लेकर थाना स्टाफ को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत थाना सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में एसपी ने सीसीटीएनएस प्रणाली की प्रगति, लंबित मुकदमों के निस्तारण, विवेचनाओं की गुणवत्ता, अपराध नियंत्रण तथा कानून–व्यवस्था की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर मुकदमे में समयबद्ध, निष्पक्ष तथा गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित की जाए। एसपी ने संबंधित विवेचकों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं, फरियादियों को अनावश्यक दौड़ न लगानी पड़े और प्रत्येक कार्रवाई का डिजिटल रिकॉर्ड सीसीटीएनएस पर तत्काल अपडेट किया जाए। उन्होंने कहा कि थाना पुलिस की कार्यशैली में पारदर्शिता दिखनी चाहिए तथा मुकदमों की विवेचना ऐसी हो कि न्यायिक प्रक्रिया में उसका प्रभावी उपयोग हो सके। बैठक में कानून–व्यवस्था को लेकर भी उन्होंने थाना प्रभारियों और अधीनस्थ स्टाफ को सतर्क रहने की हिदायत दी। संवेदनशील बिंदुओं पर निगरानी बढ़ाने, गश्त व्यवस्था को मजबूत रखने तथा फरियादियों से शालीन व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए गए। एसपी ने साफ कहा कि थाना ही पुलिस की पहली छवि होता है, इसलिए यहां की व्यवस्था, जवाबदेही और कार्यकुशलता हर हाल में बेहतर दिखनी चाहिए।

## डंपर की चपेट में आकर बाइक सवार दो की मौत

### - हादसे में एक घायल, ग्रामीणों ने लगाया जाम

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के मरका पुल के समीप गुरुवार की रात तेज रतार डंपर की चपेट में आ जाने से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद सैकड़ों ग्रामीणों ने बांदा–सागर रोड जाम कर दिया। मौके पर जाफरगंज सीओ व थरियांव सीओ सहित भारी पुलिस बल पहुंच गया और उत्तेजित ग्रामीणों को समझा–बुझाकर बारह घंटे बाद आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम खोला। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के जरौली गांव निवासी तिलक निषाद का 22 वर्षीय पुत्र सनी कुमार व मलखान का 19 वर्षीय पुत्र शिवम अपने एक साथी के साथ बाइक से रात लगभग साढ़े नौ बजे रिश्तेदारी से वापस आ रहे थे। तभी मरका पुल के समीप जैसे ही ये लोग पहुंचे तभी पीछे से तेज रतार आ रहे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे सनी कुमार व शिवम कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरा साथी घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि दोनों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग जाने में सफल रहा। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

## डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रेवाड़ी के समीप एनएच–2 में शुक्रवार की भोर अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे 25 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के रिठवां गांव निवासी महेन्द्र कुमार का पुत्र शिवम बाइक से रिश्तेदारी में गया था। भोर पहर वापस लौटते समय जब वह रेवाड़ी के समीप एनएच–2 पर पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। जहां रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## करंट की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नरौली बुजुर्ग में गुरुवार की रात करंट की चपेट में आ जाने से 56 वर्षीय अधेड़ की घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नरौली बुजुर्ग गांव निवासी अंगनू का पुत्र शिवपाल गुरुवार की रात लगभग दस बजे पंखे का प्लग लगा रहा था तभी वह करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## खाना बनाते किशोरी झुलसी

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम बहरामपुर में शुक्रवार की सुबह खाना बनाते समय 12 वर्षीय किशोरी बुरी तरह झुलस गई। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बहरामपुर गांव निवासी राजेश कुमार की पुत्री मधु शुक्रवार की सुबह खाना बना रही थी तभी अचानक उसके कपड़ों में आग लग गई। चीख–पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने लगी आग को बुझाया और सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। घटना की जानकारी जिला चिकित्सालय में मां रीना देवी ने दी है।

## अलग-अलग सड़क हादसों में आधा दर्जन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के इस्कुरी गांव निवासी कृष्णलाल का 28 वर्षीय पुत्र धनराज, राम आसरे का 32 वर्षीय पुत्र हरिशंकर व बुद्धा का 26 वर्षीय पुत्र मिथलेश उर्फ मुन्ना शुक्रवार की सुबह बाइक से शहर आ रहे थे। जैसे ही यह लोग गांव से बाहर निकले तभी तेज रतार वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे तीनों घायल हो गए। इसी प्रकार राधानगर थाना क्षेत्र के मलाका गांव निवासी राजाराम का 43 वर्षीय पुत्र राजू बाइक लेकर किसी काम से जा रहा था जैसे ही वह गांव से कुछ दूर पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसी तरह हथगाम थाना क्षेत्र के संझिया गांव निवासी गुरु प्रसाद का 37 वर्षीय पुत्र धर्मेन्द्र शुक्रवार की सुबह खेत से सब्जी लेकर घर वापस आ रहा था। तभी थाने के समीप अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## जिला उद्योग केंद्र के चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को दी विदाई

### – साजदा बेगम व अशोक के सेवानिवृत्त होने पर हुआ विदाई समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जिला उद्योग केंद्र में वर्षों तक अपनी सेवाएं देने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी साजदा बेगम एवं अशोक के सेवानिवृत्त होने पर एक गरिमामय एवं भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने दोनों कर्मचारियों को फूल–मालाएं पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी। समारोह के दौरान माहौल उस समय भावुक हो उठा जब अपने कार्यकाल की यादों को साझा करते हुए साजदा बेगम और अशोक की आंखें



नम हो गईं। दोनों ने अपने सहकर्मियों और अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग में बिताए गए वर्षों की स्मृतियां हमेशा उनके साथ रहेंगी। उन्होंने कहा कि यहां का स्नेह और सहयोग उनके जीवन की अमूल्य पूंजी है। उपस्थित अधिकारियों ने दोनों कर्मचारियों की निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता की सराहना करते हुए कहा कि साजदा बेगम और अशोक ने अपने कार्यकाल में विभाग को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर विभाग उनका सहयोग करता रहेगा। कार्यक्रम में दोनों कर्मचारियों के परिवारजन भी शामिल हुए, जिन्होंने इस विशेष पल को और भी यादगार बना दिया। परिवारीजनों ने केक काटकर खुशी साझा की और सभी का आभार जताया। पूरे समारोह में अपनापन और सम्मान का भाव स्पष्ट रूप से झलक रहा था। अंत में सभी ने दोनों कर्मचारियों के स्वस्थ, सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर जीएम अजय गुप्त, सहायक आयुक्त उद्योग राममूर्ति मौर्य, डीओ संदीप सरोज, अभय सिंह, सहायक प्रबंधक रणविजय सिंह, प्रधान सहायक सिद्ध नरायन शर्मा, कनिष्ठ सहायक राज किशोर, आरती जैसवारा, वरिष्ठ सहायक रेहाना परवीन, आडिटर सीमा, अनुचर रामआसरे के साथ ही व्यापार टिकैत गुट के जिला उपाध्यक्ष यूसुफ तबरेज, सदस्य अहमद अली, अदनान मिर्जा, मो0 यासिर, मो0 फैसल के अलावा मोईज अहमद, नफीस अहमद, नसीम अहमद भी मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )